# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com — बिलासपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025










### राज्य सरकार ने जारी किया नियुक्ति का आदेश

# आईएएस विकासशील बनाए गए शासन के मुखिया, 13वें मुख्य सचिव होंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

भारतीय प्रशासनिक सेवा 1994 बैच के अधिकारी विकासशील छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। वे अमिताभ जैन का स्थान लेंगे, जिनकी तीन माह की सेवावृद्धि के बाद कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। संभावना है कि इसी दिन शाम को विकासशील अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। वे राज्य के 13वें मुख्य सचिव होंगे।

खास खबर

गौरतलब है, पिछले दिनों राज्य की नौकरशाही में विकासशील के नाम की चर्चा राज्य के संभावित मुख्य सचिव के रूप में सामने आई थी। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद गुरुवार 25 सितंबर को राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया।

**2016 से प्रतिनियुक्त पर राज्य से थे बाहर:** विकासशील राज्य के कई जिलों में कलेक्टर व अन्य पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। इसके बाद वे 2016 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली व देश से बाहर मनीला में भारत सरकार के लिए सेवाएं दे रहे थे। करीब 9 साल ▶▶| शेष पेज 8 पर

### अमिताभ जैन 30 को हो रहे रिटायर




विकासशील होंगे छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव!

### लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम

मुख्य सचिव के रूप में विकासशील की नियुक्ति का आदेश जारी होने के पहले तक राज्य में लंबे समय से मुख्य सचिव के पद को लेकर अटकलें चल रहीं थी। दरअसल श्री जैन 30 जून को अपना नियमित कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। लेकिन इसी दिन सरकार ने उन्हे तीन माह की सेवावृद्धि का आदेश जारी किया था। इससे पहले श्री जैन के रिटायर होने से पहले राज्य की नौकरशाही में अटकलें शुरु गई थीं कि अगला मुख्य सचिव कौन हो सकता है।

### इस पद के ये थे दावेदार

राज्य में मुख्य सचिव पद के दावेदारों में कई अधिकारी शामिल थे। इनमें पहला नाम रेणु पिल्ले का था। वे 1991 बैच की आईएएस हैं। राज्य में अमिताभ जैन के बाद वरिष्ठता क्रम में वे पहले नंबर पर थीं। उनके बाद के क्रम में सुब्रत साहू 1992 बैच. अमित अग्रवाल 1993 बैच, ऋचा शर्मा 1994, निधि छिब्बर 1993 बैच और मनोज कुमार पिंगुआ 1994 बैच के अधिकारी शामिल रहे। अटकलों में इन्हें दावेदार माना जा रहा था।

### कई अहम पदों की संभाली जिम्मेदारी

इसके अलावा छत्तीसगढ़ में कई अहम पदों पर काम कर चुके विकासशील 2016 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. वह स्वास्थ्य कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव, जल शक्ति मंत्रालय में पेयजल और स्वच्छता विभाग में जल जीवन मिशन के अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक और जनवरी 2024 से एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार पद पर पदस्थ रह चुके हैं।

### केंद्र सरकार की बड़ी कार्रवाई, सीबीआई ने शुरू की थी वांगचुक के एनजीओ की जांच

# लेह झुलसने के बाद एनजीओ पर फंदा विदेश से फंडिंग वाला लाइसेंस कैंसिल

*लद्दाख के लेह में हिंसा के एक दिन बाद केंद्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने लद्दाख के जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गैर-लाभकारी संस्था का एफसीआरए रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। आरोप है कि एनजीओ ने विदेशी फंडिंग से जुड़े कानून का बार-बार उल्लंघन किया। यह कदम वांगचुक के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेश में राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के 24 घंटे बाद लिया गया। इधर, लद्दाख में गुरुवार को कर्फ्यू जारी रहा, इस दौरान 50 लोगों को हिरासत में लिया गया।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

सीबीआई ने लद्दाख के शिक्षाविद् और कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित एक संस्थान के खिलाफ विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। वांगचुक इससे पहले भूख हड़ताल पर थे और लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ समय से जांच जारी है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इस बीच, गुरुवार को गृह मंत्रालय ने स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का विदेश फंडिंग लेने वाला एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। यह संस्था जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से जुड़ी है। रद्द करने का कारण एफसीआरए नियमों के कई उल्लंघन बताए गए हैं। स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ ▶▶| शेष पेज 8 पर

■ वांगचुक के एनजीओ पर कानून के बार-बार उल्लंघन का आरोप

### हिंसा के दूसरे दिन भी कर्फ्यू जारी, 50 हिरासत में लिए गए

### एनजीओं पर आरोप

- **एफसीआरए खाते में स्थानीय धनराशि का जमा होना** – वित्तीय वर्ष 2020-21 में तीन व्यक्तियों द्वारा जमा की गई 54,600 रुपए को गलती से एफसीआरए खाते में डाला गया।
- **विदेशी दान का सही तरीके से विवरण न देना** – वित्तीय वर्ष 2021-22 में सोनम वांगचुक से 3.35 लाख रुपये का योगदान एफसीआरए खाते में सही तरीके से नहीं दिखाया गया
- **एफसीआरए नियमों का अन्य उल्लंघन** – संस्था ने विदेशी दान प्राप्त करने के बाद भी उचित लेखा विवरण पेश नहीं किया



### पाकिस्तान यात्रा की भी होगी जांच

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने दो महीने पहले हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख की फंडिंग की जांच शुरू की थी। इसमें वांगचुक की इस साल 6 फरवरी को पाकिस्तान यात्रा की भी समीक्षा की जा रही है।

### लद्दाख में हिंसा और गृह मंत्रालय का आरोप

हाल ही में वांगचुक ने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर 10 सितंबर से भूख हड़ताल शुरू की थी। इस बीच बुधवार (24 सितंबर, 2025) को क्षेत्र में 1989 के बाद सबसे गंभीर हिंसा हुई, जिसमें युवाओं ने भाजपा मुख्यालय और हिल काउंसिल पर हमला किया और वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

### वांगचुक बोले- मुझे बनाया जा रहा 'बलि का बकरा'

*इधर, वांगचुक ने लद्दाख में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने को 'बलि का बकरा' बनाने की रणनीति बताया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र की मूल समस्याओं से निपटने से बचना है। वह कड़े जन सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया, ये कहना कि यह हिंसा मेरे या कांग्रेस द्वारा भड़काई गई थी, समस्या के मूल से निपटने के बजाय बलि का बकरा ढूंढ़ने जैसा है। इससे कोई हल नहीं निकलेगा। वांगचुक ने कहा, वे किसी को बलि का बकरा बनाने की चालाकी कर सकते हैं, लेकिन वे बुद्धिमान नहीं हैं। इस समय, हम सभी को 'चतुराई' की बजाय बुद्धिमत्ता की आवश्यकता है, क्योंकि युवा पहले से ही निराश हैं। जलवायु कार्यकर्ता ने कहा, मैं देख रहा हूं कि वे कुछ ऐसा मामला बना* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### खबर संक्षेप

#### 2.46 करोड़ की धोखाधड़ी इंजीनियर गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे पुलिस ने एक निजी विश्वविद्यालय के साथ 2.46 करोड़ रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप में ब्रिटेन स्थित विश्वविद्यालय से मानद उपाधि हासिल करने वाले तेलंगाना के एक अभियंता को गिरफ्तार किया है। विश्वविद्यालय ने सितंबर के पहले सप्ताह में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक ऑनलाइन जालसाज ने संस्थान से कथित तौर पर 2.46 करोड़ रुपये की ठगी की है।

#### बस-ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक ट्रक और बस की टक्कर में दो महिलाओं समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 520 पर पूर्वाह्न करीब 11 बजे के. बालिंग थाने के पास हुई। उन्होंने कहा, दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### कुवैत के बैंक ने केरल की 13 नर्स पर कराए केस

**कोच्चि।** पुलिस ने केरल की उन 13 नर्स के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, जिन्होंने कुवैत में काम करने के दौरान इस खाड़ी देश के अल अहली बैंक से लिया ऋण नहीं चुकाया। इससे पहले, एक अन्य वित्तीय संस्थान गल्फ बैंक ने केरल पुलिस से संपर्क किया था, जिसके परिणामस्वरूप दिसंबर 2024 में 10 मामले दर्ज किए गए थे। 13 नर्स ने कुल 10.33 करोड़ रुपए का ऋण नहीं चुकाया।

## जमकर बारिश, मुसीबत भी जमकर



### सूखा नदी ऊफान पर, स्कूल तक पहुंचना मुश्किल

**मैनपुर।** अमलीपदर हाईस्कूल, हायर सेंकेंडरी स्कूल तक उसरीजोर, गुढ़ियारी समेत दर्जनभर गांवों के बच्चों का स्कूल तक पहुंचना तपस्या से कम नहीं है। इनके लिए बड़ी बाधा सूखा नदी है, जो लगातार बारिश से ऊफान पर है। पुल नहीं है, मंजूरी के बावजूद अधूरा पड़ा हुआ है इसलिए बच्चों को नदी पार कर स्कूल पहुंचना होता है। चिंतित परिजन किसी तरह बच्चों को इस पार से उस पार तक का सफर तय कराते हैं। ▶▶| शेष पेज 8 पर



### कोयलीबेड़ा इलाके में भी ऐसे ही हालात

कोयलीबेड़ा ब्लॉक के अंजाड़ी गांव के नेलडोडा नदी भी बारिश में लबालब है। इलाके में दो दिनों से बारिश हो रही है। यहां भी पुल की समस्या पढ़ने वाले बच्चों के लिए ही नहीं, पूरी ग्रामीण आबादी के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस इलाके के लोग पुल पुलिया की मांग कर रहे हैं ताकि उनके बच्चे सुरक्षित स्कूल आना जाना कर सके। बच्चों की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली गई है।

# 'झोलाछाप' इलाज, इंजेक्शन से बच्चे की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर**

झोलाछाप द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। पैर में हुए घाव के लिए परिजन दवाई लेने के लिए मेडिकल दुकान में गए हुए थे। इस दौरान उनसे घाव सूखने के नाम पर इंजेक्शन लगाया, जिससे बच्चे की तबियत बिगड़ गई। बच्चे को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी 7 वर्षीय अनमोल एक्का आ. जितेंद्र एक्का के पैर में घाव हुआ था। ▶▶| शेष पेज 8 पर

पैर के जख्म के इलाज के लिए लाए थे परिजन



### की जाएगी कार्रवाई

दवा दुकान में इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे के मौत की शिकायत मिली है। मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. बसंत सिंह, सीएमएचओ






### हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम से जुड़े मामले की सुनवाई

# नि:संतान हिंदू विधवा की संपत्ति पर ससुराल वाले का हक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि नि:संतान हिंदू विधवा की मौत हो जाने के बाद उसकी संपत्ति का मालिकाना हकदार मायके वालों के बजाय ससुरालवाले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह में शादी के बाद महिला का गोत्र बदल जाता है। यह परंपरा हजारों सालों से चली आ रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के प्रावधानों को दी गई चुनौतियों पर विचार करते समय सावधानी बरतेगा। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ 1956 अधिनियम के तहत उत्तराधिकार के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, हिंदू समाज की जो ▶▶| शेष पेज 8 पर



### अधिवक्ता सिब्बल बोले- महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण प्रावधान

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनौती दिए गए प्रावधान महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण हैं। सिब्बल ने कहा कि महिलाओं को केवल परंपराओं के कारण समान उत्तराधिकार के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

### सॉलिसिटर की ऐसी दलील

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि यह समुचित ढंग से तैयार किया गया अधिनियम है। आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता 'सामाजिक ढांचे को नष्ट' करना चाहते हैं।

### क्या है मामला

*शीर्ष अदालत के समक्ष विचारणीय मुद्दा हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 15 और 16 है। यह बिना वसीयत के या बिना वसीयत के मरने वाली हिंदू महिलाओं की संपत्ति के हस्तांतरण को नियंत्रित करती है। अधिनियम की धारा 15 के अनुसार, जब किसी हिंदू महिला की बिना वसीयत के मृत्यु हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके माता-पिता से पहले उसके पति के उत्तराधिकारियों को मिलती है।*

बिना बिजली कनेक्शन के लगा दिया गया प्रोजेक्ट, एक भी दिन नहीं हुआ रन, मशीनें हुईं चोरी

# 8 साल पहले लापरवाही की भेंट चढ़ी इंसीनरेटर मशीन, फिर से करोड़ों खर्च करने की तैयारी

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

निगम अंतर्गत बागडूमर से लगे सेमरिया गांव में निगम ने जमीन के दो बड़े पैच को अपने नाम पर लिया था। एक जमीन का पैच करीब 34 एकड़ और दूसरा 39 एकड़ का था। कुल 75 एकड़ शासकीय जमीन को लेकर साल 2016-17 में वहां 67 लाख रुपए की लागत से जानवरों के शव को जलाने के लिए शवदाह गृह इंसिनेटर मशीन लगाई थी। शेष जमीन में अवारा मवेशियों को रखने के लिए गौठान बनाने की योजना थी। इस प्रोजेक्ट को इतनी जल्दबाजी में आमलीजामा पहनाया कि जिस जगह प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है उसे रन करने के लिए वहां बिजली की सुविधा है कि नहीं। निगम के अधिकारियों ने रायपुर के संजय मिश्रा को कंसलटेंट एजेंसी बनाया। संजय मिश्रा ने अमरावती प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव की कंपनी से मशीन मंगाई और प्रोजेक्ट को लगा दिया। जब मशीन को चालू करने की बारी आई तो पता चला कि वहां बिजली ही नहीं है। इसके बाद कंपनी मशीन फिट करके चली गई और वह एक दिन भी नहीं चला।

खास खबर

नगर निगम ने 8 साल पहले अहिरवारा विधानसभा अंतर्गत सेमरिया ग्राम पंचायत में मवेशियों के शव को बर्न करने के लिए 67 लाख रुपए की लागत से एक इंसिनेटर मशीन लगाई थी। मशीन तो लग गई, लेकिन बिजली व्यवस्था नहीं होने से प्रोजेक्ट एक भी दिन नहीं चला। पिछले 8 सालों में यहां की सभी मशीनें चोरी हो गई हैं। अब निगम फिर से यहां करोड़ों रुपए खर्च करके इस प्रोजेक्ट को चालू कर रहा है।





**बिजली व्यवस्था के खर्च को देख निगम ने खड़े किए हाथ:** इस प्रोजेक्ट को निगम के तत्कालीन ईई पीके देवांगन, एई वेशराम सिन्हा और सब इंजीनियर कुलदीप गुप्ता की देखरेख में शुरू किया गया। जब उन्होंने मशीन लग जाने के बाद बिजली और ट्रांसफार्मर का खर्च बिजली विभाग से मांगा तो पता चला कि इसमें दो करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इतना बड़ा बजट देखकर निगम के अधिकारी डर गए और उन्होंने प्रोजेक्ट को चोरों के भरोसे लावारिश छोड़ दिया।

### अब फिर से प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी

निगम के इंजीनियर अर्पित बंजारे ने बताया कि फिर से इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिए हैं। जोन 2 को इसके सर्वे का काम दिया गया है। वहां बिजली व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था को देखने और बजट बनाने का काम दिया गया है।

### चोरी हो गई सभी मशीनें जमीन पर हुआ कब्जा

निगम ने जो 67 लाख रुपए की लागत से प्रोजेक्ट लगाया था उसकी सभी मशीनों को नशेड़ी और आवारा किस्म के लोगों ने चोरी कर लिया है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि उन्होंने भी वहां निरीक्षण के दौरान पाया है कि मशीनें चोरी हुई हैं और कुछ जमीन पर कब्जा हुआ है। निगम की टीम जल्द कब्जा हटाकर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाएगी।

# हाईकोर्ट ने पेंशन रिलीज करने धन की मांग को बताया समाज के लिए गंभीर नकारात्मक प्रभाव वाला



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कर्मियों द्वारा पेंशन रिलीज के नाम पर अवैध धन की मांग और धन का गबन जैसी घटनाएं केवल निजी विवाद नहीं है बल्कि समाज के लिए गंभीर नकारात्मक प्रभाव पैदा करती है। इसलिए ऐसे मामलों में समझौते के आधार पर एफआईआर रद्द नहीं किया जा सकता है।

मामले के अनुसार याचिकाकर्ता एक शासकीय लिपिक था, जबकि शिकायतकर्ता एक मृतक शिक्षक की विधवा है। याचिकाकर्ता और एक अन्य अधिकारी ने शिकायतकर्ता से उसके पति की पेंशन, ग्रेज्युटी और अन्य रिटायरमेंट लाभ जारी कराने के बहाने 2 लाख रुपए की मांग की और शिकायतकर्ता ने उन्हें खाली चेक सौंप दिया। बाद में पता चला कि 2 लाख 80 हजार रुपए धोखाधड़ी से निकाल लिए गए, जबकि पेंशन का मामला अभी तक प्रोसेस नहीं हुआ। शिकायत पर 20 जून 2025 को पुलिस ने याचिकाकर्ता और सह अभियुक्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। याचिकाकर्ता ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में यह तर्क देते हुए याचिका दायर की कि पक्षकारों के बीच विवाद सुलझ चुका है और शिकायतकर्ता एफआईआर रद्द करने में सहमत हैं। राज्य पक्ष ने कहा कि एक बार रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसकी पूरी तरह से जांच होना जरूरी है और केवल समझौते के आधार पर इसे रद्द नहीं किया जा सकता। खासकर जब आरोप फॉर्जरी जैसे गैर सुलझने योग्य अपराधों से जुड़े हों। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत एफआईआर को रद्द करने की शक्ति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही प्रयोग की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ अवैध धन की मांग और गबन के आरोप समाज के लिए गंभीर हैं और यह केवल निजी मामला नहीं है। कोर्ट ने यह भी ध्यान दिया कि पक्षकारों के बीच कोई लिखित समझौता नहीं हुआ और एफआईआर रद्द करने का कोई औचित्य नहीं है। परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता का समझौता आवेदन खारिज कर दिया गया और याचिका नामंजूर हो गई।

## खबर संक्षेप

### नशीली दवा के कारोबार मामले में दो और गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीर नगर थाना की पुलिस ने पूर्व में सौ शीशी नशीली सीरप के साथ गिरफ्तार तीन आरोपियों की निशानदेही पर दुर्ग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मेडिकल स्टोर संचालक है। पुलिस के अनुसार भिलाई, अधिराज मेडिकल के संचालक उदित शर्मा तथा सुजा कुरैशी उर्फ सनी को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के द्वारा रायपुर के तस्करों को नशीली सीरप बिक्री करने के लिए दिया जाता था।

# सीसी मैंबर्स की मौत को नक्सलियों ने बताया 'हत्या'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माड़ मुठभेड़ में मारे गए सीसी मेंबर कट्टा रामचंद्र रेड्डी उर्फ राजू दादा और कादरी सत्यनारायण रेड्डी उर्फ कोसा दादा के एनकाउण्टर को नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने फर्जी करार दिया है। पत्र में बताया कि पुलिस ने इन्हें रायपुर या ऐसे ही किसी अन्य स्थान से पकड़ कर मार दिया और इसे मुठभेड़ बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि 22 सितंबर को नारायणपुर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने दोनों ही शीर्ष माओवादी नेताओं को मुठभेड़ में मार गिराया था। मारे गए दोनों शीर्ष नक्सली पिछले तीन दशक से दण्डकारण्य इलाके में सक्रिय थे। कोसा दादा और राजू दादा पर बड़ी संख्या में फोर्स पर


भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी
प्रेस वक्तव्य
23 सितम्बर, 2025
पुलिस अधिकारियों द्वारा बताये जा रहे माड मुठभेड़ की कहानी झूठी है!
हमारे दोनों केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड्स कट्टा रामचंद्रा रेड्डि, कादरी सत्यनारायण रेड्डि को अरेस्ट करके बाद में हत्या किया गया!
इन हत्याओं का खण्डन करें!

हमला और दर्जनों जवानों व ग्रामीणों की हत्या करने का आरोप है। वहीं दोनों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद संगठन ने दावा किया कि दोनों नेताओं को पहले गिरफ्तार किया गया,उनसे पूछताछ की गई और फिर योजनाबद्ध तरीके से उनकी हत्या कर दी गई। बाद में इस हत्या को मुठभेड़ का रूप दे दिया गया। प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस की ओर से जारी मुठभेड़ की कहानी को झूठ और मनगढ़ंत बताया गया है। आईजी सुंदरराज पी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि माओवादी संगठन दिशाहीन और टूट चुका है। संगठन में अंदरूनी कलह चरम पर है शीर्ष नेतृत्व में मतभेद है। केन्द्रीय कमेटी के पत्र का स्टेट कमेटी खडंन कर रहा है। अभय व विकल्प के नाम से पत्र जारी कर रहा है। शासन का एजेंडा है कि माओवादियों का खात्मा करना है, सुरक्षाबलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और हम जल्द ही टॉरगेट को पूरा करेंगे। शासन की भी स्पष्ट पालिसी है आत्मसमर्पण कर वापस आएं और सामान्य जीवन व्यतीत करें, उनका स्वागत है।

# हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा घटाकर की 10-10 साल

## रायपुर के फारूख हत्याकांड मामला

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने रायपुर के बहुचर्चित फारूख खान हत्याकांड मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों की उम्रकैद की सजा को घटाकर 10-10 साल कर दिया है। कोर्ट ने माना कि यह हत्या अचानक हुए झगड़े में गुस्से का नतीजा थी। इसमें कोई साजिश या योजना नहीं थी।

रायपुर के बैजनाथपारा में एक शादी समारोह में डीजे पर डांस को लेकर कहासुनी हुई और देखते-देखते गाली-गलौच और धक्का-मुक्की में बदल गई। गुस्से में राजा उर्फ अहमद रजा ने जेब से चाकू निकाला और फारूख खान के सीने पर वार कर दिया। फारूख को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने राजा के साथ उसके साथियों मोहम्मद इश्तेखार और मोहम्मद शाहिद को गिरफ्तार किया। ट्रायल कोर्ट में राजा को हत्या धारा 302 और दोनों साथियों को हत्या में सहभागिता में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनी। मेडिकल रिपोर्ट में साफ है कि एक ही चाकू का वार हुआ। राज्य पक्ष ने सजा बरकरार रखने की मांग की, लेकिन कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि मामला आईपीसी की धारा 300 के अपवाद 4 के तहत आता है, यानी अचानक हुए झगड़े में हत्या। इस मामले में हाईकोर्ट ने तीनों आरोपितों को गैर इरादतन हत्या में 10-10 साल कठोर कैद और 500-500 रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं आर्म्स एक्ट में एक साल की सजा पहले जैसी रहेगी और सारी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। कोर्ट ने कहा कि शादी में अचानक शुरू हुए विवाद में कोई पूर्व योजना या हथियारबंद साजिश नहीं दिखती। आरोपित ने एक ही वार किया और घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। यह हत्या नहीं बल्कि कुलपेबल होमिसाइड है, इसलिए सजा में राहत दी जाती है।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## ट्रेन मिसाइल की खासियत

- कम समय में हमला : मिसाइल का रिएक्शन टाइम बहुत कम
- खोज करना मुश्किल : ट्रेन सामान्य कार्गो की तरह, दुश्मन को पता नहीं चलता
- मल्टी-लॉन्च : एक ट्रेन में कई मिसाइलें रखी जा सकती हैं
- मौसम से बेअसर : कैनिस्टर डिजाइन से बारिश, धूल या गर्मी में भी काम करता है।
- क्लब में एंट्री : अमेरिका, चीन, रूस और नॉर्थ कोरिया जैसे देशों के साथ भारत भी शामिल



**2000** किमी तक मारक क्षमता

रक्षामंत्री राजनाथ बोले- **देश में पहली बार ऐसा परीक्षण**

# अब चलती ट्रेन से भी होगा दुश्मनों पर अटैक अग्नि-प्राइम मिसाइल का परीक्षण सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि को हासिल कर लिया है। देश ने पहली बार रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर टेस्ट रेंज में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इसे अपनी तरह का पहला परीक्षण बताया है। इस प्रणाली की सबसे ▶▶|शेष पेज 8 पर



### भारत अब इन देशों की सूची में शामिल

भारत से पहले रूस, चीन और उत्तर कोरिया इस तरह से मिसाइल दाग चुके हैं। 1980 के दशक में सोवियत संघ ने आरटी-23 मोलोडेट्स मिसाइल का परीक्षण किया था।

### रेल लॉन्च प्रणाली क्या

आसान भाषा में समझें, तो भारत ने पहली बार ट्रेन पर लादकर मिसाइल दागी है। इसके लिए पटरियों पर चलने वाले रेल डिब्बे के आकार का एक विशेष लॉन्च पैड बनाया गया।

### कैसे बढ़ेगी भारत की ताकत?

- इस तकनीक के जरिए न सिर्फ मिसाइलों की गतिशीलता बढ़ेगी, बल्कि उन्हें दुश्मन की सैटेलाइट से छिपाया भी जा सकेगा।
- इससे दुश्मन के लिए लॉन्चिंग पैड और मिसाइलों को ट्रैक करना मुश्किल होगा। मिसाइलों को ट्रेन में रखकर सुरंगों के भीतर भी छिपाया जा सकेगा।
- मिसाइलों की भंडारण क्षमता भी मजबूत होगी, क्योंकि आमतौर पर दुश्मन उन सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हैं जहां मिसाइलें रखी जाती हैं।



वायुसेना प्रमुख दिलबाग ने पहली मिग-21 स्क्वाड्रन का किया था नेतृत्व

# 62 वर्ष का गौरवशाली सफर मिग-21 की आज विदाई

**चंडीगढ़।** छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध रूसी लड़ाकू विमान मिग-21 शुक्रवार को यहां आयोजित होने वाले एक समारोह में सेवामुक्त हो जाएंगे। मिग-21 विमानों के संचालन का आधिकारिक समापन 26 सितंबर को चंडीगढ़ में एक औपचारिक फ्लाईपास्ट और विदाई समारोह के साथ होगा, जहां इस प्रतिष्ठित विमान को 62 साल ▶▶|शेष पेज 8 पर

### आखिरी उड़ान में दिखेगी नारी शक्ति

मिग-21 सुपरसोनिक फाइटर एयरक्राफ्ट शुक्रवार को अपनी आखिरी उड़ान भरेगा। इस ऐतिहासिक पल में भारतीय वायुसेना में नारी शक्ति की बढ़ती ताकत भी दुनिया को दिखेगी।

*प्रधानमंत्री ने 2025 में बड़े आर्थिक सुधार की घोषणा की, कांग्रेस पर भी साधा निशाना*

# जीएसटी में अभी और होगी कटौती, पीएम ने दे दिए संकेत, कहा- हम रुकने वाले नहीं

जीएसटी पर अभी और कटौती होगी? इसके संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में जीएसटी में और सुधार होंगे। पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि 2025 में प्रमुख सुधार किए जाएंगे, साथ ही उम्मीद जताई कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी, लोगों पर टैक्स यानी कर का बोझ कम होता जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार कहा कि देश में वर्तमान में सुधारों के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति है। साथ ही उसके पास लोकतांत्रिक और राजनीतिक स्थिरता भी है। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी में संरचनात्मक सुधार देश की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने करों में उल्लेखनीय कमी की है, महंगाई पर लगाम लगायी ▶▶|शेष पेज 8 पर

- **अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का किया उद्घाटन**



### कांग्रेस शासनकाल में 'टैक्स की लूट'

*प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 'टैक्स की लूट' मची थी। उन्होंने कहा, नए जीएसटी रिफॉर्म से गरीब नव मध्यम वर्ग, मध्यम वर्ग सब की बचत हुई है लेकिन इसके बावजूद कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।*

### सरकार की गिनाई उपलब्धियां

पीएम मोदी ने कहा कि यह हमारी सरकार है जिसने कर को बड़े पैमाने पर कम किया है, महंगाई कम की है। हमने देश के लोगों की आमदनी बढ़ाई है और बचत भी बढ़ाई है। भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितता के बावजूद भारत का विकास आकर्षक बना हुआ है। व्यवधान भारत को भटकाते नहीं हैं, बल्कि नई दिशाएं दिखाते हैं। इन चुनौतियों के बीच भारत आने वाले दशकों के लिए एक मजबूत नींव रख रहा है।

### देश में बने हर उत्पाद

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा। हर उत्पाद भारत में ही बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों और व्यापारियों से ऐसे व्यावसायिक मॉडल तैयार करने का आह्वान किया जो भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। मोदी ने कहा कि सरकार 'मेक इन इंडिया' और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है।

### चिप से लेकर शिप तक

पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख सेमीकंडक्टर सुविधा का संचालन शुरू होने वाला है। यह सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सशस्त्र बल स्वदेशी समाधान चाहते हैं और उनका लक्ष्य बाहरी निर्भरता को कम करना है। उन्होंने इस बदलाव में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करते हुए कहा, भारत में हम एक जीवंत रक्षा क्षेत्र विकसित कर रहे हैं।

**हादसे पर नया खुलासा**

# स्टंटबाजी में नाबालिग ने कुचला था पदयात्री को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**हरिभूमि फॉलोअप**

डोंगरगढ़ में माता बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पदयात्रा कर जा रही हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी महिमा साहू को ठोकर मार कर मौत की नींद सुलाने वाली थार के मामले में नया खुलासा हुआ है, थार नाबालिग चला रहा था। इतना ही नहीं, वह अपने दोस्तों को स्टंट दिखा रहा था, पुलिस के मुताबिक वह दोस्तों को मौज-मस्ती के लिए यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि उसकी ड्राइविंग कितनी अच्छी है। तेज रफ्तार के साथ अनियंत्रित ▶▶|शेष पेज 8 पर

### सीसीटीवी कैमरे की मदद से हुई आरोपियों की पहचान

पुलिस ने घटना के बाद सीसी कैमरा खंगाला। इसके बाद कई तथ्य सामने आए। जांच में पता चला है कि थार मालिक भिलाई निवासी रजत सिंह है, वाहन को ट्रांसपोर्टर नयन सिंह किराए पर लिया था। उसने नाबालिग को थार दी थी। नाबालिग अपने दोस्तों के साथ डोंगरगढ़ जाने का प्लान तैयार किया था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366









INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. **66 km/l with E5 petrol under standard tests; mileage may vary. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price and GST benefits are applicable in Chhattisgarh. Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबाः शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसीः 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेलीः महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्सः 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापालीः साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

SAATCHI & SAATCHI

चिंतन

# स्वदेशी तेजस से मजबूत होगा देश का सुरक्षा तंत्र

महज एक दिन पहले ही अखबारों में सुर्खियां थी कि छह दशक से देश की सुरक्षा प्रणाली का स्तंभ 26 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएगा। इसके लिए बाकायदा एक समारोह का आयोजन भी होगा जिसमें मिग-21 को विधिवत विदाई दी जाएगी। 1963 में सोवियत यूनियन (अब रूस) से मुम्बई उतरे मिग-21 ने देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। साल 1965 और 1971 में पाकिस्तानी हमलों को मुंह तोड़ जवाब देने वाले मिग-21 ने कारगिल युद्ध में विजय दिलाने में खूब योगदान दिया। मिग-21 की सेवानिवृत्ति पर सबसे बड़ा सवाल यही था कि अब उसका स्थान कौन लेगा। वैसे तो देश की वायुसेना के पास एक मिग 29, फ्रांसीसी मिराज और ब्रिटिश जगुआर विमान शामिल हैं। इस बेड़े का अधिकांश हिस्सा विरासत एंटोनोव एएन-32 , डोर्नियर 228 और हॉकर सिडली एचएस 748 विमानों से बना है। इसके बावजूद मुख्य विकल्प को लेकर साफ-साफ कहा जा रहा था कि स्वदेशी तकनीक से बना तेजस ही मिग-21 का उत्तराधिकारी बनेगा। मिग-21 का मुख्य और प्रत्यक्ष विकल्प भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान है, जिसे हाल ही में वायुसेना में शामिल करने की मंजूरी मिली है। तेजस, अपने आधुनिक एईएसए रडार, अस्त्र मिसाइल और 65 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ, मिग-21 से कहीं अधिक सुरक्षित और बहुमुखी है। इसके अलावा, भारतीय वायुसेना के पास राफेल और सुखोई जैसे अन्य उन्नत विमान भी हैं जो मिग-21 से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। अब रक्षा मंत्रालय ने मिग-21 की विदाई से पहले ही रक्षा तंत्र को मजबूत करते हुए 62,370 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस मार्क-1ए हल्के लड़ाकू विमानों की सप्लाई करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक बड़े सौदे को औपचारिक रूप दिया है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान प्लेटफॉर्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। वहीं, दुनिया में अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजरायल और चीन के पास पांचवीं पीढ़ी के विमान हैं। चीन तो छठी पीढ़ी के जेट भी बनाने का दावा कर रहा है। पांचवीं पीढ़ी की तकनीक सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन के पास है। भारतीय वायु सेना को मजबूत करने के लिए एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के मॉडल को भी मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को दी गई है। एजेंसी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी। इस कॉन्ट्रैक्ट को भारत के लड़ाकू बेड़े के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो पुराने विमानों के कई फेज में रिटायरमेंट से पैदा हुईं खामियों को दूर करेगा। वैसे भी एचएएल ने 13वें सीरीज प्रोडक्शन तेजस एमके-11 की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह उड़ान अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के कैटेगरी-बी एफ-404 इंजनों से की गई थी। असली एफ-404-आईएन-20 इंजन अभी आने बाकी हैं। बीते दिनों वायुसेना चीफ एपी सिंह ने कहा था कि एक भी सिंगल प्रोजेक्ट टाइम पर पूरा नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सरकार ने तुरंत सौदे को मंजूरी दे दी है ताकि किसी तरह की देरी न हो। एचएएल का दावा है कि वह अक्टूबर में 83 तेजस जेट विमानों में से पहले दो की डिलीवरी कर देगा। साफ है कि वायुसेना को तेजस मिलने के बाद देश की सुरक्षा अभेद होगी। एक और पाकिस्तान चीन से जे-35ए की खरीद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हम उससे कहीं उन्नत स्वदेशी का निर्माण कर रहे हैं। इससे न केवल हम अपनी सुरक्षा को मजबूत करेंगे बल्कि आत्मिनर्भर भारत का सपना भी पूर्ण होगा।



राष्ट्र-चिंतन
आचार्य श्रीहरि

# अरब-मुस्लिम नाटो गठन की विफलता

> अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन क्या सिर्फ हाथी के दांत हैं, गुब्बारे की हवा हैं, मंच पर सिर्फ बैठकर शेखी बघारने वाले संगठन हैं, इनमें शक्ति नहीं हैं, इनमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं हैं? क्या ये यूरोपीय देशों की तरह मुस्लिम देशों का अपना कोई सैनिक शक्ति का निर्माण नहीं कर सकते हैं? क्या ये नाटो का विकल्प नहीं बना सकते हैं? इनके पास संगठन हैं, इनके पास दुनिया की सबसे बड़ी आबादी यानी मुस्लिमों का समर्थन है, ये सिर्फ भीखमंगे नहीं हैं, ये सिर्फ गरीब नहीं हैं, ये सिर्फ अर्थव्यवस्थाहीन नहीं हैं, ये सिर्फ अनिर्यातक नहीं हैं, बल्कि ये अमीर हैं, ये शक्तिशाली भी हैं, ये समर्थ भी हैं, इनके पास धन की कोई कमी नहीं है, इनके पास खनिज संपदाओं की कोई कमी नहीं हैं, ये तेल और गैस के निर्यातक भी हैं, संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिकाओं के नियंत्रक भी हैं।

इतना ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक नियामकों में इनकी संख्या और सक्रियता भी हैं शक्तिशाली हैं। फिर ये मुस्लिम अधिकारों को लेकर एकजुटता दिखाने में कमजोर क्यों और कैसे साबित हो जाते हैं? इजरायल के खिलाफ इनकी एकजुटता क्यों नहीं पनप पाती है, अमेरिका के खिलाफ इनकी बोलती क्यों बंद रहती हैं, यूरोपीय देशों के खिलाफ भी ये अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ और निर्णायक क्यों नहीं बना पाते हैं? क्या अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन भविष्य मे मुस्लिमों के अधिकार और भलाई के लिए मजबूत होने के लिए तैयार हैं? ख्याल यह रखना चाहिए कि दुनिया उसी की बात सुनती है, उसी के सामने सिर झुकाती है, उसी की अस्मिता और संप्रभुत्ता का सम्मान करती है जिसके पास शक्ति होती है, जिसके पास मजबूत संगठन होते हैं, जिसकी आबादी अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय होती है और शक्ति का प्रयोग करती है। अमेरिका इसी कसौटी को आधार बनाकर दुनिया पर राज करता है। रूस इसी कसौटी पर यूक्रेन की संप्रभुता को रौंद रहा है। संदर्भ इजरायल बनाम अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन है। इजरायल ने छह मुस्लिम देशों पर मिसाइलें दांगी थी और लड़ाकू विमानों से हमले किए थे। खासकर कतर पर उसने बम बरसाये थे। इजरायल का आरोप है कि कतर सहित अन्य मुस्लिम देश हमास के नेताओं का संरक्षन देते हैं, पोषक की भूमिका निभाते हैं और संहारक भी बनाते हैं। जहां तक कतर की इस कसौटी पर संलिप्तता की बात है तो इसमें अनिवार्य तौर पर तथ्य शामिल हैं। कतर सभी मुस्लिम आतंकवादी संगठनों का संरक्षणकर्ता है और पालनहार है। आपको याद दिला दें कि हमास ही नहीं बल्कि तालिबान और अलकायदा का भी कतर संरक्षणकर्ता रहा है। तालिबान के बड़े नेता कतर में ही रहते थे और वहीं से अमेरिका के खिलाफ हिंसा की नीति को आगे बढ़ाते थे। अमेरिका और तालिबान के बीच में शांति समझौते को लेकर हुई बातचीत भी कतर में हुई थी। हमास के बड़े नेता कतर में संरक्षण पाए हुए हैं और कतर से ही इजरायल के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। इजरायल का एक्शन हमास को समाप्त करने को लेकर जारी है। इजरायल कहता है



कि जब तक हमास का अस्तित्व नहीं मिटता है, उसका संहार नहीं होता है तब तक उनकी मिसाइलें और लड़ाकू विमानें उड़ती रहेंगी। हमारी मिसाइलें वहीं गिरेंगी जहां पर हमास के हिंसक आतंकवादी संरक्षण पाए हुए हैं। इसी दृष्टिकोण से इजरायल ने छह मुस्लिम देशों के स्थित हमास के ठिकानो पर हमला किया था। ईरान तो अब चुप हो गया है और ईरान की हमास के पक्ष में भड़काऊ बयानबाजी थम गई। ईरान को मालूम है कि हमास के पक्ष मे जितना ज्यादा बोलेगा, उतना ही उस पर इजरायल की मिसाइलें गिरेगी।

इजरायल के हमले के बाद मुस्लिम देश नाटो की तरह एक सुरक्षा कवच बनाना चाहते थे। इसी दृष्टिकोण से जुटे हुए थे। इस्लामिक सहयोग संगठन मुस्लिम देशों की एक साक्षा सुरक्षा कवच बनाने के लिए प्रतिबद्ध था और अपना इरादा भी जाहिर किया था। खासकर पाकिस्तान और तुर्की बहुत ज्यादा उत्साहित थे। पाकिस्तान इस मामले में बहुत ही उतावला था और आगे बढ़कर हिंसक रूप से समर्थन कर रहा था। पाकिस्तान की जल्दबाजी इतनी थी कि तुरंत ही नाटो की तरह हमारा रक्षा संगठन खड़ा होना चाहिए। इस प्रसंग में पाकिस्तान अपना हित देख रहा था और अपने हित की कसौटी पर मुस्लिम देशों को उकसा रहा था। पाकिस्तान भविष्य की दृष्टि से अपने आप को देख रहा था। हाल ही में पाकिस्तान पर भारत का हमला हुआ था और भारत ने उसकी संप्रभुत्ता को रौंदा था। पाकिस्तान अपने बल पर भारत का सामना नहीं कर पाया था। पाकिस्तान की दूरदृष्टि थी कि भारत के साथ संघर्ष में अरब-मुस्लिम नाटो उसका साथ देगा और भारत का संहार करेगा। तुर्की भी अरब मुस्लिम दुनिया का चौधरी बनने के लिए तत्पर था। लेकिन अन्य मुस्लिम देश भविष्य के खतरे और संकट को भांप गये। पाकिस्तान खुद कंगाल है, कटौरे लेकर भीख मांगता है और आतंकवाद की फैक्टरी लगाकर दुनिया को संकट में डालता है। पाकिस्तान के लोग मुस्लिम देश में जाते हैं तो फिर वहां पर विखंडन और मजहबी कुरीतियों की आग लगा देते हैं, इस कारण अरब के कई मुस्लिम देशों में पाकिस्तानी मुसलमानों को नापसंद किया जा रहा है। अरब-मुस्लिम नाटो संगठन खड़ा करने के पीछे नेतृत्व की समस्या थी, पैसे की समस्या थी। अरब-मुस्लिम नाटो का केन्द्रीय कार्यालय कहां बनेगा, किस देश में बनेगा और उसका प्रमुख कौन होगा? अरब मुस्लिम नाटो संगठन के गठन पर अरबो-खरबों डॉलर खर्च होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हर साल इसकी सक्रियता पर करोड़ों और अरबों डॉलर खर्च होंगे। सबसे बडी बात यह है कि ऐसी सैनिक फोर्स किसके प्रति जिम्मेदार होगी, इस्लाम के प्रति जिम्मेदार होगी तो फिर किसी देश का नियंत्रण ऐसी फौज स्वीकार ही नहीं करेगी। इस कसौटी पर ऐसी कोई सेना खुद भस्मासुर की प्रतीक बन जाएगी।

हमास को लेकर खुद मुस्लिम देश एकमत नहीं है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और उसकी हिंसक करतूतों ने मानवता के प्रति घिनौना उदाहरण प्रस्तुत किया है। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। हथियार कहां से आएगा? तकनीक कहां से मिलेगी? तकनीक और हथियार तो अमेरिका और यूरोप से मिलेंगे। चीन और रूस हथियार भी देंगे तो उसकी कीमत खूब वसूलेंगे। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

(ये स्वतंत्र लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कयास
संतोष कुमार भार्गव



# मणिपुर में शांति और विकास फिर लौटेगा

निस्संदेह, पिछले दो वर्षों से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाए रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं, यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब विपक्ष का मुंह पीएम मोदी ने बंद कर दिया है। मई, 2023 में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा थी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। विरोधी जो भी कहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि संघर्ष आरंभ होने के शुरुआती दिनों में ही गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा किया था। उसके पहले से गृह मंत्रालय के अनेक अधिकारियों ने वहां डेरा डाला था। आशा है कि समझौते के मुताबिक कुकी विद्रोहियों के खिलाफ एक साल तक सैन्य अभियान रोकने पर बनी सहमति कायम रहेगी। यह समझौता पहले भी था, लेकिन हथियारबंद समूहों द्वारा हिंसा जारी रखने के कारण इसे निलंबित करना पड़ा। समझौते में कुछ नई शर्तें भी जोड़ी गई हैं, जिनमें कड़ी निगरानी के साथ उल्लंघन की स्थिति में समीक्षा शामिल है। इसका अर्थ हुआ कि सरकार ने न्यायसंगत मांगों को स्वीकार किया है, लेकिन हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। वर्तमान समझौते में मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने की प्रतिबद्धता शामिल है। यह कुकी समूहों की अलग प्रशासन की मांग में बदलाव का संकेत है। मैतेई इस मांग का विरोध करते रहे हैं। हालांकि सभी कुकी समूहों को इससे सहमत कराना कठिन है। समझौते पर हस्ताक्षर होने के कुछ ही समय बाद, सिविल सोसायटी समूह कुकी-जो काउंसिल ने भारतीय संविधान के तहत अलग प्रशासन के लिए राजनीतिक बातचीत की आशा का वक्तव्य दिया। ऐसा कहने वाले मिल जाएंगे कि जब तक वित्त और प्रशासन का नियंत्रण घाटी के लोगों के पास रहेगा, पहाड़ी जिलों के विकास की अनदेखी होगी। लेकिन सामूहिक आकांक्षाओं के मुताबिक विकास योजनाओं पर अमल हो तो यह सोच भी बदल जाएगी। पीएम मोदी ने अपनी हालिया यात्रा में कहा, 'मणिपुर आशा और आकांक्षाओं की भूमि है। लेकिन दुर्भाग्य से यह हिंसा की चपेट में आ गया है। मैं आने वाले दिनों में राज्य के लिए आशा और विश्वास की एक नई सुबह देख रहा हूं।' मोदी ने संघर्ष से विस्थापित लगभग 60,000 लोगों के उचित पुनर्वास और राज्य में स्थायी शांति लाने का आश्वासन दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्ष शांति का माहौल कायम रखने में अपनी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं, जिससे मणिपुर पुनः विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।


## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है!



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

अंतर्मन




आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है।

*- मनोज शुक्ला, बेमेतरा*

करंट अफेयर


## तटीय क्षेत्र मजबूत करने भारत- सिंगापुर में करार



सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां अपनी पूरक शक्तियों – एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे, निर्माण सुविधाओं और जहाज मरम्मत विशेषज्ञता को व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी। एसओटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एसओटी ने कहा कि एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी। एसओटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख विंस्टन चेंग ने कहा, ''यह समझौता ज्ञापन, एशिया भर में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के सीट्रियम के प्रयासों में एक रणनीतिक मील का पत्थर है।

ऑफ बीट

## मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है



ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

X ट्रेंड

### विकास कार्यों का उद्घाटन



डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में राजस्थान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज बांसवाड़ा से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास प्रदेश की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शुभांशु शुक्ला को बधाई




मुंबई कॉन्क्लेव 2025 में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जहाँ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री को सम्मानित किया गया। उन्हें 1.4 अरब दिलों के सपनों को समेटे, पूरे देश में साहस, समर्पण और असीम महत्वाकांक्षा को प्रेरित करने वाली यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी।
-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### सेवा पखवाड़ा



सेवा पखवाड़ा दिल्लीवासियों के लिए हर दिन नई सौगातें लेकर आ रहा है। आज दिल्ली सचिवालय से शुरू हुई ये स्वास्थ्य सुविधाएं इलाज को और सरल व सुलभ बनाएंगी और हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का नया संबल जोड़ेंगी।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### चिकित्सा की उपेक्षा



सरकार 'मरीज और डॉक्टर' का अनुपात बताए मतलब वर्तमान में कितने मरीजों के लिए कितने डॉक्टर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा की उपेक्षा देश के मानव संसाधन की उपेक्षा है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com



MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 1 60 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 92 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 85 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 1 10 000 |




SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 30TH SEP ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 30TH SEP)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

# दुश्मन को 200 किमी दूर पकड़ता है मार्क-1ए तेजस

## आईएएफ को मिलेंगे 97 विमान, ताकत होगी दोगुनी

## हॉल के साथ 62,370 करोड़ की मेगा डील

## यह प्रोजेक्ट जोड़ेगा 105 भारतीय कंपनियों को

*हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।* भारत की रक्षा ताकत को नई ऊंचाई देने वाला एक बड़ा कदम गुरुवार को उठा। रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) के साथ 62,370 करोड़ रुपये का सौदा साइन किया। यह सौदा 97 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके1ए यानी तेजस के लिए है। इनमें 68 सिंगल-सीट वाले लड़ाकू विमान और 29 डबल-सीट वाले ट्रेनर शामिल हैं। साथ में जरूरी उपकरण भी मिलेंगे। यह खरीद 'बाय (इंडिया-आईडीडीएम)' कैटेगरी के तहत है, जो पूरी तरह स्वदेशी है। डिलीवरी 2027-28 से शुरू होकर 6 साल में पूरी होगी। इससे भारतीय वायुसेना (आईएएफ) को मजबूत प्लेटफॉर्म मिलेगा और 'आत्मनिर्भर भारत' को बल मिलेगा।

### भारत की रक्षा ताकत को नई ऊंचाई देने वाला बड़ा कदम

### यह सौदा 'मेक इन इंडिया' को देगा बढ़ावा



### 1983 से शुरू हुई कहानी

*एलसीए तेजस कार्यक्रम की शुरुआत 1980 के दशक में हुई। 1983 में भारत सरकार ने एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) को प्रोजेक्ट सौंपा। इसका मकसद था रूस के पुराने मिग-21 को बदलना। 2001 में पहली उड़ान भरी गई। 2003 में नाम पड़ा 'तेजस'। 2015 में आईएएफ को पहला उत्पादन मॉडल मिला। 2016 में पहला ऑपरेशनल तेजस सौंपा गया। लेकिन देरी हुई – टेक्नोलॉजी चैलेंजेस और फंडिंग की वजह से। फिर भी, भारतीय वैज्ञानिकों ने एवियोनिक्स और रडार खुद बनाए। आज तेजस 4.5 जेनरेशन का मल्टीरोल फाइटर है, जो हवा-हवा, हवा-जमीन और रेकॉन मिशन कर सकता है। 2006 में 20 तेजस का ऑर्डर मिला, 2021 में 83 और तेजस एमके1ए के लिए 48,000 करोड़ का सौदा हुआ। अब यह 97 का तीसरा बड़ा ऑर्डर है। कुल 220 विमान आईएएफ को मिलेंगे।*



### एमके1ए में यह है खास

तेजस एमके1ए तेजस का सबसे एडवांस वर्जन है। यह सिंगल-इंजन, डेल्टा विंग वाला विमान है। इसमें हॉरिजॉन्टल टेल नहीं है, लेकिन फिन लगा है। खाली वजन करीब 5,450 किलोग्राम, अधिकतम टेकऑफ वजन 13,500 किलोग्राम। इंजन जीई एफ404-आईएन20 है, जो 85 केएन थ्रस्ट देता है। अधिकतम स्पीड 1.6 मैक (लगभग 1,900 किमी/घंटा)।

### मुख्य फीचर्स

- उत्तम एईएसए रडारः एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे. दुश्मन को 200 किमी दूर पकड़ता है। मल्टी-टारगेट ट्रैकिंग।
- स्वयं रक्षा कवचः इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम, दुश्मन रडार से बचाता है।
- कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स : बेहतर मैन्यूवरिंग।
- स्वदेशी कंटेंटः 64% से ज्यादा. पहले सौदे से 67 नई चीजें जोड़ी गईं।

*अन्यः डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर, हेलमेट माउंटेड डिस्प्ले, मिड-एयर रिफ्यूलिंग. हल्का वजन (6,560 किग्रा), एडवांस एवियोनिक्स, स्टेल्थ फीचर्स। यह विमान आईएएफ की ऑपरेशनल जरूरतें पूरी करेगा। बालाकोट जैसे मिशनों में उपयोगी।*

### अर्थव्यवस्था और नौकरियों को बूस्ट

यह प्रोजेक्ट 105 भारतीय कंपनियों को जोड़ेगा। वे डिटेल्ड पार्ट्स बनाएंगी। 6 साल में हर साल 11,750 डायरेक्ट और इंडायरेक्ट नौकरियां पैदा होंगी। हॉल के शेयर 2% ऊपर चढ़ गए। एयरोस्पेस इकोसिस्टम मजबूत होगा। **MSME** और एकेडेमिया को फायदा।

### आईएएफ के लिए रणनीतिक महत्व

पुराने मिग-21 रिटायर हो रहे हैं। तेजस एमके1ए से नई स्क्वाड्रन बनेंगी। यह स्वदेशी फाइटर दुश्मन (पाकिस्तान, चीन) के खिलाफ मजबूत होगा। सरकार का फोकस इंडिजेनाइजेशन पर है। डिफेंस एक्विजिशन प्रोसीजर 2020 के तहत यह सौदा 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा।

---

## बिहार चुनाव से शुरू होगा वोटों की गिनती का नया सिस्टम

# पूरे पोस्टल बैलेट गिनने के बाद ही अब ईवीएम के आखिरी राउंड की काउंटिंग

### मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी।

### इस साल के आखिर में होने हैं यहां विधानसभा चुनाव



### पारदर्शिता और भरोसा का दावा

नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। चुनाव आयोग का मानना है कि इस नए कदम से चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा और मजबूत होगा।

### डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

### 6 अक्टूबर के बाद चुनाव का ऐलान, ईसी ने मुख्य सचिव को भेजा पत्र

*बिहार में 6 अक्टूबर के बाद कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है। बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को निर्वाचन आयोग ने पत्र भेजा है। सभी विभागों में ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया गया है। दरअसल निर्वाचन आयोग (बिहार) के पत्र में 6 अक्टूबर तक सभी ट्रांसफर-पोस्टिंग की जानकारी देने की बात कही गई है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इसके बाद कभी भी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीख सामने आ सकती है। 23 सितंबर की तारीख में निर्वाचन आयोग (बिहार) की ओर से यह पत्र जारी किया गया है। पत्र पर विनोद सिंह गुंजियाल का हस्ताक्षर है जो बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हैं। बता दें कि बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। हालांकि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की एंट्री से इस बार का मुकाबला रोमांचक होगा।*

### बिहार में प्रधान बने बीजेपी के चुनाव प्रभारी, मौर्य-पाटिल को भी जिम्मेदारी

*हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी ने बिहार और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को लेकर संगठन में अहम जिम्मेदारियों का बंटवारा कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया है। बिहार विधानसभा चुनाव की कमान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सौंपी गई है। उन्हें प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह, पश्चिम बंगाल में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। बता दें, बिहार में जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार सीएम हैं। बीजेपी से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा डिप्टी सीएम हैं। बंगाल में भी बीजेपी ने 2021 के चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन किया था और 77 सीटों पर जीत दर्ज की थी। राज्य में मुख्य विपक्षी दल है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को बंगाल का प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी किया है। बता दें, बिहार में एनडीए की सरकार है और बीजेपी ने 2020 के चुनाव में 74 सीटें जीती थीं। 000*



## 'आई लव मुहम्मद' को लेकर गुजरात में बवाल

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

गुजरात के गांधीनगर जिले के एक गांव में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों ने कई दुकानों तथा वाहनों में तोड़फोड़ की और पथराव किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने बुधवार देर रात हुई झड़प और दंगे के लिए देहगाम तालुका के बहियाल गांव से लगभग 60 लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि हमले में चार दुकानें और पांच से छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दरअसल ये पूरा मामला सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के बाद शुरू हुआ। गांधीनगर के पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''सोशल मीडिया पर चल रहे अभियान 'आई लव मुहम्मद' पर एक हिंदू व्यक्ति द्वारा किए गए एक पोस्ट ने अल्पसंख्यक समुदाय को नाराज कर दिया, जिसके कारण हमला हुआ।'' उन्होंने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे एक बड़े समूह ने व्हाट्सएप पर स्टेट्स लगाने वाले एक व्यक्ति की दुकान का शटर तोड़ा और उसकी दुकान का सामान निकालकर जला दिया।

- **दुकानों में तोड़फोड़ और पथराव 60 हिरासत में**

मौके पर भारी पुलिस बल तैनात- अल्पसंख्यक समुदाय के लोग व्हाट्सएप पर यह स्टेट्स लगाने से नाराज हो गए थे। अधिकारी ने बताया, 'बाद में समूह ने हिंदू इलाकों पर पथराव किया। जवाबी कार्रवाई में हिंदू इलाकों से समूह पर पथराव किया गया।' उन्होंने बताया कि भारी पुलिस बल तैनात किया गया और स्थिति नियंत्रित कर ली गई।सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष जैन ने मीडिया को बताया, 'चार दुकानें और पांच से छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।' जैन ने कहा, 'हमने 60 लोगों को हिरासत में लिया है और हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।'

**कार्यालय प्राचार्य,**
**अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा**
सरोदा बांध रोड, ग्राम-तारो खैरबना जिला कबीरधाम (छ.ग.) पिन-491995
Email-itikwrd@rediffmail.com Mob. 7772974779

कं./औ.प्र.सं./ कवर्धा / स्थाप/मेह. प्रव./2025/1901 कवर्धा, दिनांक 23/09/2025

**//विज्ञप्ति//**

इस अग्रणी संस्था के अंतर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2025–26 एवं 2025–27* के लिए व्यवसाय–फिटर एवं वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड सांईस एवं इंजीनियरिंग ड्राईंग के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु संबंधित व्यवसाय / विषय के प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पदों के रिक्त पदों के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिये निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र दिनांक 13/10/2025 समय 5:30 बजे तक शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) में आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा, जिला : कबीरधाम (छ.ग.) में निर्धारित प्रारुप में आवेदन केवल स्पीड के माध्यम से ही जमा कर सकते हैं। विज्ञापन का विवरण इस संस्था के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं तथा आवेदन पत्र का प्रारुप कार्यालय प्राचार्य, शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा जिला : कबीरधाम (छ.ग.) से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाईड kawardha.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्राचार्य,**
**अग्रणी शास. औद्यो. प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
जी. 252603719/2

### खबर संक्षेप

### बीजेपी दबा रही लोगों की आवाज : केजरीवाल



**लेह।** लद्दाख लेह में बुधवार को एक 'शांतिपूर्ण बंद' ने हिंसक रूप ले लिया। यह हिंसा राज्य के दर्जे और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने सहित संवैधानिक सुरक्षा उपायों की बढ़ती मांग के बीच भड़की। आंदोलनकारियों ने बीजेपी दफ्तर को आग के हवाले कर दिया, पुलिस से झड़प भी हुई। अब इस मामले पर सियासत भी शुरू हो गई है। वामपंथी दलों ने आग के लिए मोदी सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। हर सच्चे देशभक्त को लद्दाख के लोगों का साथ देना चाहिए। हमने अंग्रेज़ों से इसलिए आज़ादी थोड़ी ली थी कि जनता अंग्रेज़ों की बजाय बीजेपी की गुलाम बन जाए।'

## डिफेंस सिस्टम को भेदकर मारे ड्रोन, 22 लोग घायल

### हूतियों ने इजरायल में मचाई भारी तबाही

एजेंसी ▶▶| जेरूसलम

यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इजरायल के दक्षिणी शहर इलात पर ड्रोन हमला किया, जिसमें 22 लोग जख्मी हो गए। यह हमला इजरायल के मजबूत मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेदने में कामयाब रहा, जो आमतौर पर ऐसे हमलों को नाकाम कर देता है।

दूसरी तरफ, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में कम से कम 41 फिलीस्तीनी मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व दूत ने क्षेत्र में शांति के लिए एक नए प्लान की उम्मीद जताई है, लेकिन इसका ब्योरा अभी साफ नहीं है।



### ड्रोन हमले के बाद इजरायल का जवाब

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने इजरायल पर 2 ड्रोन दागे। इजरायल की सेना ने बताया कि उन्होंने ड्रोन को रोकने की कोशिश की, लेकिन यह नाकाम रही। मगन डेविड एडोम रेस्क्यू सर्विस के मुताबिक, 22 जख्मी लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है, क्योंकि उनके शरीर में छर्रे लगे हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर चेतावनी दी, 'जो कोई भी इजरायल को नुकसान पहुंचाएगा, उसे 7 गुना ज्यादा नुकसान झेलना पड़ेगा।' हूती पहले भी इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुके हैं, लेकिन ज्यादातर हमले नाकाम रहे या खाली इलाकों में गिरे।

## कर्नल गद्दाफी से लिया चंदा पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी को जेल

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को गुरुवार को पेरिस की एक अदालत ने पांच साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें लीबिया के तत्कालीन नेता मुअम्मर गद्दाफी से अवैध चुनावी चंदा लेने की आपराधिक साजिश में दोषी पाया है। आरोप था कि 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में सरकोजी ने गद्दाफी से गुप्त सौदा किया था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़े लीबियाई शासन को समर्थन देने के बदले चुनावी फंडिंग ली थी। जज ने कहा कि यह साबित नहीं हुआ कि गद्दाफी ने सीधे सरकोजी को पैसे भेजे या वह धनराशि उनके चुनाव अभियान तक पहुंची लेकिन अदालत ने माना कि सरकोजी ने लीबिया के साथ अवैध चुनावी सौदेबाजी की। उन्हें अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी कर दिया गया।**5 साल की सजा-** सरकोजी को 5 साल जेल की सजा हुई है। अदालत ने उन पर 1 लाख यूरो का जुर्माना भी लगाया है। खास बात यह है कि अपील दायर करने पर भी सरकोजी को जेल जाना ही होगा। सरकोजी ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है।



**आम सूचना**

मेसर्स राधाकृष्णा पॉलीमर्स, प्रोप. श्री अमित पोपटानी, पिता श्री सुरेश पोपटानी, निवासी–खेमका हॉस्पिटल के पीछे, साई नगर, रायपुर, जिला–रायपुर (छ.ग.) को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला–रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 630 पार्ट, रकबा 10,000 वर्गफीट (0.23 एकड़) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 26/03/2007 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक सीएसआईडीसी/भू.आ./2020/191 दिनांक 03/10/2020 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्र क्रमांक जिव्याउके–रा/भू.आ./2025/1130–31 दिनांक 31/01/2025 के द्वारा "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम–2015" (यथा–संशोधित) में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को 01 माह के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम–2015" (यथा–संशोधित) प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि–निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति / कार्यालय/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा ।

**(ए.एच. यजदानी)**
**मुख्य महाप्रबंधक (भू-आबंटन) सी.एस.आई.डी.सी.**
S.- 45375

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

क्रमांक/1091/ADV/557/2025 **संक्षिप्त विज्ञापन** नवा रायपुर, दिनांक : 25/09/2025

(1) माननीय उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत "कोर्ट मैनेजर" के 22 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 03/2025/परीक्षा/दिनांक 25/09/2025 जारी किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र "रोजगार और नियोजन" के अंक दिनांक 01/10/2025 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित है। उक्त विज्ञापन में दर्शित शर्तों के अनुसार रिक्त पदों, जिसका विवरण नीचे की तालिका में दर्शित है, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

| स.क्र. | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | योग | वेतन मेट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | | | |
| 1 | कोर्ट मैनेजर | 13 | 3 | 6 | – | 3 | – | 1 | – | 2 (OA) (Locomotor disability include cerebral palsy, disease-free leprosy, dwarfism, acid attack victim and muscular dystrophy) | 22 | 56100 (स्तर–12) |

Abbreviation Used : OA-One Arm

(2) विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ₹रोजगार और नियोजन₹ के अंक दिनांक 01/10/2025 में देखे जा सकते हैं। (3) उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि 1 जनवरी 2025 है, जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी। (4) ऑनलाइन आवेदन दिनांक 29/09/2025 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 28/10/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है। (5) आयोग के वेब–साईट www.psc.cg.gov.in में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है। (6) आवेदक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्र. 03/2025/परीक्षा/दिनांक 25/09/2025 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें। (7) रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है:– संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771–2512567

**सही /-**
**सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर अटल नगर**
जी. 252603739/4

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
**कार्यालय-कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग बिलासपुर**

क्र./ कार्य.अभि / सं.सं.सं./ स्था/3877 / बिलासपुर दिनांक : 24.09.2025
प्रति,
श्री रोशन लाल साहू
लाईन परिचारक (संविदा)
ग्राम एवं पो. कटौद, तह : नवागढ जिला : जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

**विषय :-कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने बाबत।**

संदर्भ :–
01. इस कार्यालय का पत्र क्रं/का.यं./ सं.सं. / संभाग / 3320 दिनांक 01.09.2025
02. इस कार्यालय का पत्र क्रं/का.यं./सं.सं./ संभाग / 2215 दिनांक 13.06.2024
03. इस कार्यालय का पत्र क्रं/का.यं./सं.सं./ संभाग/3134 दिनांक 12.11.2020
04. इस कार्यालय का पत्र क्रं/का.यं./सं.सं./ संभाग/4049 दिनांक 04.10.2019

उपरोक्त विषयातंर्गत आप इस संभाग के अंतर्गत मस्तुरी उपसंभाग में लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर कार्यरत है। आप लगभग 06 वर्ष से अधिक अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। आपके द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति/अनुमति के अपने इच्छानुसार अनाधिकृत रूप से लम्बी अवधि तक अनुपस्थित रहने बाबत इस कार्यालय द्वारा आपके निवास के पते पर उपरोक्तानुसार पत्र प्रेषित किये गये किन्तु आप अपने कार्य से दिनांक 12.06.2019 से आज दिनांक तक बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति/अनुमति के अपनी इच्छानुसार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इस बाबत संभागीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा आपके निवास पते पर पत्राचार किया गया कि आप तुरंत अपने पदस्थी कार्यालय मे समस्त आवश्यक दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। तत्संबंध में आपके द्वारा आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नही किया गया है एव ना ही अपने पदस्थी कार्यालय मे अपनी उपस्थिति प्रदान की गई है।

अत: इस समाचार पत्र में प्रकाशित ज्ञापन के माध्यम से आपको अपना पक्ष रखने के लिए 30 दिवस का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। आपके द्वारा जवाब नही देने एवं अपने कार्य मे उपस्थित नही होने पर कंपनी द्वारा स्थाई नियमों के तहत एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं जवाबदार होंगें।

**कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग**
**छ.स्टे.पा. डि. कं. लिमि. बिलासपुर**
संवाद-45370

## खबर संक्षेप

### बोलेरो से 55 किलो गांजा जब्त दो तस्करों को किया गिरफ्तार




**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण पुलिस ने नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए बोलेरो वाहन से 55 किलो 320 ग्राम गांजा जब्त किया है। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजा और वाहनों समेत कुल 15 लाख 71 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि बुधवार 24 सितंबर को महासमुंद जिले से बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएस 0190 में भारी मात्रा में गांजा लेकर बिलासपुर की ओर भेजा जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवरीनारायण द्वारा विशेष टीम गठित कर नेहरू बालोद्यान, शिवरीनारायण के पास घेराबंदी की गई। पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बोलेरो वाहन को पायलटिंग कर रही एक काले-नीले रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8441 को रोका। तत्पश्चात बोलेरो वाहन को रोककर जांच की गई। इस दौरान उनके कब्जे से 55 किलो गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 6 लाख 40 हजार बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी कमल कुमार भोई पिता नेत्रमणि भोई, उम्र 25 वर्ष, निवासी बामराडीह थाना बसना जिला महासमुंद व आशीष नंद पिता सुकदेव नंद उम्र 38 वर्ष निवासी गेर्राभाठा थाना बसना जिला महासमुंद को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही अन्य दो अज्ञात आरोपी एवं महिला आरोपी की तलाश जारी है। आरोपियों का कृत्य धारा 20 (बी), 29 स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत दंडनीय पाया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

# बारिश ने फीका किया गरबा और डांडिया का रंग, कई जगह कार्यक्रम भी स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिनभर गरबा और डांडिया उत्सव में शामिल होने के लिए पास जुटाने वाले युवाओं की सारी मेहनत पर बुधवार को दिनभर हुई बारिश ने पानी फेर दिया। कभी तेज कभी हल्की बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था। इसके कारण कई आयोजन स्थलों पर जमने वाला रंग फीका पड़ गया। माता की आस्था में पारंपरिक गरबा उत्सव का आयोजन करने वाले समाज के लोगों ने सिर्फ परंपराओं का ही निर्वहन किया। इससे गरबा और डांडिया उत्सव स्थलों पर उत्साह का माहौल भी नहीं बना। कई आयोजकों ने आरती-पूजन के बाद सिर्फ नियम का पालन किया।

राजधानी में नवरात्रि के पहले दिन से ही गरबा और डांडिया खेलने के लिए लोग परिवार के साथ आयोजन स्थलों की ओर शाम ढलते ही पहुंचने लगते थे, लेकिन बुधवार को लगातार बूंदों की झड़ी के बीच तेज बारिश ने उत्सव को भी फीका किया। जिन लोगों ने दिनभर आयोजन में खुद को बेस्ट साबित करने के लिए तैयारी की, उन्हें बारिश ने निराश किया। आयोजन स्थल पर बारिश के कारण पानी जाम और कीचड़ की स्थिति को देखते हुए बड़े आयोजन स्थलों पर कार्यक्रम को ही स्थगित किया गया। सूर्यकांत राठौर ने बताया कि पाटीदार भवन फाफाडीह, भनपुरी में पारंपरिक तरीके से गरबा उत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां उत्सव का माहौल भले ही न बने, लेकिन परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा। बारिश की वजह से उत्सव जैसा माहौल नहीं बनता, लेकिन पूजा-आरती की जाती है।

## राजधानी में बारिश की झड़ी से तरबतर गरबा स्थल, समाजों ने निभाई परंपरा



### गरबा प्रेमियों को बारिश ने किया निराश

इसी तरह बीटीआई ग्राउंड पर गरबा उत्सव के संदर्भ में अनिता खंडेलवाल ने बताया कि उत्सव को स्थगित किया गया है। बारिश के कारण व्यवस्था बनाना संभव नहीं है, लेकिन परंपरा निभा रहे हैं। कुछ इसी तरह की स्थित गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम में भी रही। उत्सव का रंग भले ही फीका रहा, लेकिन गरबा प्रेमियों ने माता के दरबार में कुछ एक गीतों पर प्रस्तुति देते हुए आस्था प्रकट की, जबकि दूसरी तरफ अलग-अलग गरबा उत्सव का हिस्सा बनने के लिए यहां-वहां से पास जुटाने वाले गरबा और डांडिया प्रेमियों को लगातार लगी बारिश की झड़ी ने निराश किया।


# फिल्मी ठग तीस मार खां की तर्ज पर ठगी का जाल, एक दर्जन लोगों को झांसे में लेकर पांच करोड़ का लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना में एक दर्जन लोगों ने कर्नाटक के एक जालसाज के खिलाफ पांच करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने लोगों को 100 दिन में रकम दोगुना कर लौटाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। ठगी के शिकार जालसाज के यूट्यूब चैनल से प्रभावित होकर उससे संपर्क कर ठगी का शिकार हुए। जालसाज ने जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, उन लोगों ने पहले उससे भिलाई में जाकर मुलाकात करने के बाद रायपुर में संपर्क किया। जालसाज, लोगों को अमीर कैसे बनना है, इसके लिए महंगे होटल में मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अपने जाल में फंसाने का काम करता है।

■ लोगों के साथ ठगी करने कर्नाटक के जालसाज ने यूट्यूब की ली मदद

भाठागांव निवासी अनवर मोहम्मद की शिकायत पर पुलिस ने कर्नाटका, बेलगांव निवासी अनिरुद्ध दलवी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की है। अनिरुद्ध ने ए स्क्वायर ग्लोबल कंसलटेंसी नामक कंपनी बनाकर लोगों से पैसे निवेश कराकर ठगी का शिकार बनाया है। रकम निवेश कराने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरोपी महंगे होटलों में सेमिनार करता था। लोगों को अमीर बनने के लिए मोटिवेट करता था।



**भरोसा के लिए पैसे लौटाए :** झांसे में आकर अनवर ने जालसाज के कंपनी अकाउंट में पांच लाख 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रांसफर के बाद जालसाज ने अनवर के अकाउंट में 30 हजार रुपए वापस कर दिया। जालसाज इतना शातिर था कि उसने लोगों को उनके पैसों की इन्वेस्टमेंट की सिक्यूरिटी देने रायपुर भिलाई भुवनेश्वर और अन्य स्थानों पर जमीन के एग्रीमेंट और चेक देने का झांसा दिया।

### छह हजार करोड़ फंड मैनेजमेंट का झांसा

अनवर ने पुलिस को बताया है कि अनिरुद्ध ने उन्हें 17 वर्ष पूर्व इंटरनेशनल मार्केट में टेक्निकल एनालिसिस कोर्स करने की जानकारी दी। साथ ही जालसाज ने अनवर तथा उसके साथियों को कर्नाटका में आईसीआईसीआई बैंक में फंड मैनेजर होने तथा छह हजार करोड़ रुपए फंड मैनेज करने का झांसा दिया।

### 100 करोड़ की लाइव ट्रेडिंग भी दिखाया

इस दौरान जालसाज ने अनवर को एक डीमैट खाता दिखाया, जिसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक इक्विटी थी और लाइव ट्रेडिंग चल रही थी। अनिरुद्ध ने अपनी पूरी योजना लिखित में बताई, फिर कहा कि आपकी जमा की गई राशि में 2% प्रतिदिन के हिसाब से ब्याज मिलेगा। इसके साथ ही 100 दिन बाद तक 200% हो जाएगा। उसे दोगुना पैसा मिलेगा। जालसाज ने भरोसा दिलाया कि पैसा सुरक्षित रहेगा और वह कंपनी बंद कर कहीं नहीं भागेगा।

### लोगों को ऐसे लिया झांसे में

अनवर ने पुलिस को बताया है कि नौ माह पूर्व सोशल मीडिया तथा यूट्यूब के माध्यम से उसे ए स्क्वायर ग्लोबल कंसलटेंसी कंपनी के बारे में जानकारी मिली। सोशल मीडिया के माध्यम ने अनवर ने अनिरुद्ध से कांटेक्ट नंबर हासिल कर संपर्क किया। संपर्क करने पर अनिरुद्ध ने अनवर को बताया कि वह सौ दिन में रकम दोगुना कर लौटा सकता है। इसी दौरान अनिरुद्ध का भिलाई स्थित एक होटल में मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित था।

# किसान के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट ट्रांसफर किए 1.93 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर थाने में एक किसान ने तीन लड़कों के खिलाफ मारपीट कर मोबाइल लूटने तथा एक लाख 93 हजार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिन लड़कों के अकाउंट में रकम ट्रांसफर हुई है, बैंक डिटेल के आधार पर पुलिस ने उन लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। किसान के साथ मारपीट तथा मोबाइल लूट कर रकम आहरण करने की घटना 18 सितंबर को हुई थी। बैंक से डिटेल मिलने के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

नूतन तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने राजू बंजारे, गगन यदु तथा दुर्गेश यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। नूतन ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वो देर शाम सात बजे के करीब राजलक्ष्मी ढाबा में खाना खाने के लिए गया था। जिस टेबल पर नूतन खाना खा रहा था, उसके बगल की टेबल पर तीनों लड़के खाना खा रहे थे। खाना खाने के बाद नूतन ने यूपीआई से बिल पेमेंट किया। इस दौरान लड़कों ने यूपीआई पासवर्ड देख लिया। बिल पेमेंट करने के बाद नूतन ढाबा के कुछ दूरी पर जाकर बस का इंतजार कर रहा था। इसी बीच तीनों लड़के नूतन के पास पहुंचे और उसके साथ मारपीट कर जेब से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के चार दिन बाद 22 सितंबर को नूतन बैंक से डिटेल निकालने गया, तो उसे तीनों लड़कों द्वारा यूपीआई से रकम अपने अकाउंट में आहरण करने की जानकारी मिली।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय जच्चा-बच्चा की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

मरीजों की सेवा के लिए सदैव तत्पर, यह स्लोगन अस्पताल में कई जगह लिखी देखी जा सकती है परंतु स्लोगन का कितना पालन किया जाता है यह तो अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीज के परिजन से बेहतर कोई और नहीं बता सकता। किसी न किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सूरजपुर जिला अस्पताल आज सुबह उस समय पुनः सुर्खियों में आ गया जब देर रात उपचार किए बिना ही प्रसूता को बेहोश हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुचने से पहले ही रास्ते में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजन ने जिला अस्पताल सूरजपुर के स्टाफ द्वारा उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी उपचार नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पीढ़ा आमापारा निवासी रेखा राजवाड़े पति तिलक राजवाड़े (24 वर्ष) 9 माह की गर्भवती थी। बीत रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रात लगभग 11.30 बजे प्रसूता को सूरजपुर जिला अस्पताल में दाखिल कराया। मृतिका रेखा के ससूर शोभनाथ राजवाड़े सहित परिजन ने बताया कि रात लगभग 11.30 बजे जिला अस्पताल में प्रसूता को लेकर पहुंचे। अस्पताल मे स्टाफ प्रसूता अंदर लेकर चले गए और लगभग 3 घंटे बाद देर रात लगभग 2.30 बजे प्रसूता के बेहोश हो जाने की बात कहकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन का आरोप है तीन घंटे के भीतर किसी प्रकार का उपचार नहीं किया गया जबकि प्रसूता दर्द से तड़प रही थी। दर्द ज्यादा बढ़ जाने और जब प्रसूता बेहोश हो गई तो उसे बिना उपचार किए ही रेफर कर दिया गया। इस बीच उपचार करने कई बार कहा गया लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। देर रात रेफर करने पर आज तड़के लगभग 3.30 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत जच्चा बच्चा की मौत हो जाने की बात कही। जिला अस्पताल सूरजपुर में इस प्रकार की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी है और परिजन द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगा चुके है। लोगों को जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद थी लेकिन आज भी अस्पताल पुराने ढर्रे पर ही संचालित हो रहा है ।


**आम सूचना**

यह कि भूमिस्वामी सिद्धी विनायक इन्टरप्राइजेस प्रा. लिमि. द्वारा डायरेक्टर राजेश बाजपेयी के स्वामित्व की भूमि मौजा अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 15002 (एकीकरण पूर्व खसरा नंबर 505/16 क, 505/16 ख, 505/16ग ) कुल रकबा 0.4450 हेक्टेयर में से भूमि क्रय किया गया है। उक्त संपत्ति में से भूमि क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर अग्रिम राशि दे दी गई है, यह कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को उक्त सौदे से कोई आपत्ति है तो वह अपने आपत्ति मेरे नीचे लिखे पते पर इस समाचार के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर लिखित रुप से प्रमाणित दस्तावेजो सहित प्रस्तुत करे, समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे द्वारा अपने या अपने पारिवारिक सदस्यों के पक्ष में सम्पत्ति का पंजीयन करा लिया जावेगा तथा इसके बाद किसी प्रकार का कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार्य नही किया जावेगा और न ही माना जावेगा। अतः सूचना जाने।
दिनांक

भवदीय- अमित अग्रवाल
पिता मुरली अग्रवाल
निवासी उस्लापुर जिला बिलासपुर
छत्तीसगढ़ 495001
संपर्क मो. 8435997777

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 64/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन**
**अधिवक्ता**
**आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 9893977620**

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
ई-कोर्ट नं.- 202508250600028/
अ-21/2024-25
ग्राम- रामगढ़, प.ह.नं.- 17

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम रामगढ़ के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश ध्रुव पिता नंदुराम ध्रुव, जाति गोंड़, निवासी ग्राम बिरगांव तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा भू.रा.सं. 1959 की धारा 165 (6) के तहत ग्राम रामगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 6/88 रकबा 0.008 हे. भूमि को गैर आदिवासी के पास बिकी करने की अनुमति दिये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त प्रकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 29/9/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से दिनांक 15/9/25 को जारी किया गया।

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.न. 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्थ शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)**
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने
साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर
(छ.ग.) मो.-9893977620

**न्यायालय-माननीया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
इलाही बक्श....वादी
**विरुद्ध** श्रीमती पप्पी...प्रतिवादिनी
व्य.वाद क्रमांक-277 ए/2022
प्रो.क्र....आदेश, दिनांक-12/08/2025
पेशी ता.-09/10/2025

प्रति,
श्रीमती पप्पी पति अब्दुल रहीम उम्र 60 वर्ष निवासी खपरगंज, गोल बाजार सागर प्लास्टिक बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक/वादी ने न्यायालय में रिक्त आधिपत्य हेतु अनावेदिका/प्रतिवादिनी के विरुद्ध व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 09/10/2025 को नियत है। अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 09/10/2025 को प्रात: 11.00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होंवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो एवं आवेदक/वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सकें, अन्यथा मामले में एक तरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हों या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हों।

आज दिनांक /09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।
सील:

**(कु. सुरभि धनगढ़)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय-प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस / नोटिस**
व्य.वा.क्र. 346A/2025
आदेश दिनांक 08.09.2025
पेशी दिनांक 27.10.2025
प्रोसेस क्र. 800/2025

श्रीमती आकांक्षा विश्वकर्मा उम्र 39 वर्ष पति श्री दिनेश यादव पुत्र श्री बी.पी. विश्वकर्मा निवासिनी-आनंद चिन्ड्रन हास्पिटल के सामने मेन रोड तोरवा तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.).... वादी विरूद्ध
दिनेश यादव उम्र 41 वर्ष आ. श्री धन्नुरा यादव निवासी-टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे इमलीपारा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.).... प्रतिवादी

इस न्यायालय में वादी श्रीमती आकांक्षा विश्वकर्मा ने प्रतिवादी दिनेश यादव के विरूद्ध धारा-13 (1-क) एवं (1-ख) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 । आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 27.10.2025 को है।

प्रतिवादी-दिनेश यादव को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 27.10.2025 को इस न्यायालय में प्रात: 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 27.10.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 18.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। स्थान:-बिलासपुर (छ.ग.)

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अभिलाषा परिसर तिफरा, बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. II-42, बी, आधार मूल आबंटी श्री देवेश अग्रवाल पिता श्री मधुसूदन अग्रवाल, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.04.2018 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती उषा खेडिया पति श्री राजेन्द्र कुमार खेडिया, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजनान्तर्गत, निरतू बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास 225, आबंटी श्रीमती स्वप्ना सोनी पति श्री प्रवीण सोनी, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2012 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 08.09.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती पार्वती प्रजापति पति श्री काशी प्रजापति, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकरी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

मैं मयंकमणी त्रिपाठी, निवासी कुदुदण्ड, बिलासपुर एतद द्वारा सूचित करता हूँ कि भूमि स्वामी रामकुमार, पिता जनकराम तिवारी, निवासी पाण्डेय मोहल्ला सकरी बिलासपुर के नाम पर मौजा सकरी प.ह.नं. 45 महल नम्बर-1 में भूमि खसरा नम्बर 61/1, 973/1 एवं 59/4 कुल रकबा 2.02 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी जिसका अनुबंध अंकित मिश्रा एवं दिलीप मिश्रा से हुआ था एवं इन तीनों से मुझसे एवं अन्य 04 व्यक्तियों से 03.04.2023 को 15800 वर्गफुट को पंजीकृत विक्रय पत्र का अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था। वर्तमान खसरा नम्बर 61/1, रकबा 0.2691 हेक्टेयर खसरा नम्बर 59/4 रकबा 0.0344 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसमें न्यायालय तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 03.09.2025 के अनुसार क्रय-विक्रय संबंधित प्रकरण लंबित है।

अत: कोई भी संस्था एवं व्यक्ति इस संपत्ति का क्रय राम कुमार तिवारी से ना करें अन्यथा होने वाली क्षति की जवाबदारी क्रेता एवं राम कुमार तिवारी की होगी।

**आवेदक**
**मयंकमणी त्रिपाठी**
**मो. 7000182354**


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6000



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5999 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | ढि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | की | री | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | ह | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6010

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6009 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# अब नहीं चाहिए फोन-कार्ड! अंगूठा लगाते ही होगा पेमेंट, भारत में बना डिवाइस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## डिजिटल भुगतान को आसान बनाने नई तकनीक आई सामने, बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा

भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने के लिए एक नई तकनीक सामने आई है जो बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा देती है। अब आपको कैश, डेबिट-क्रेडिट कार्ड या मोबाइल वॉलेट की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अंगूठे का निशान ही आपकी पहचान और भुगतान का जरिया बन जाएगा। भारतीय स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने इस अनोखे डिवाइस का नाम थंबपे रखा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह डिवाइस आधार और यूपीआई से जुड़ा हुआ है जिसकी वजह से पैसों का लेन-देन तुरंत और सुरक्षित तरीके से हो जाता है। यूजर को बस अपना अंगूठा डिवाइस पर रखना होगा इसके बाद आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम से पहचान की पुष्टि होगी और फिर यूपीआई के माध्यम से बैंक से बैंक में पैसा ट्रांसफर हो जाएगा।

### धोखाधड़ी की संभावना कम

इस प्रक्रिया में न क्यूआर कोड स्कैन करने की जरूरत है और न ही स्मार्टफोन की। यही वजह है कि थंबपे छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े स्टोर्स तक हर जगह काम आ सकता है। कंपनी के संस्थापक पुलकित आहूजा का कहना है कि भारत ने पिछले एक दशक में आधार और यूपीआई जैसी मजबूत डिजिटल नींव रखी है और थंबपे इन्हीं तकनीकों का बेहतरीन उपयोग है। इसमें सर्टिफाइड फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है जो धोखाधड़ी की संभावना को कम करता है।



### बुजुर्ग, मजदूर व ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोग आसान

यह तकनीक खासकर उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है जो स्मार्टफोन या वॉलेट का इस्तेमाल नहीं करते। बुजुर्ग, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से इस डिवाइस के जरिए भुगतान कर पाएंगे। पुलकित आहूजा के अनुसार, थंबपे का मकसद है "यूपीआई की ताकत को हर व्यक्ति के अंगूठे तक पहुंचाना।" यह कदम न केवल शहरों में बल्कि गांवों और कस्बों में भी डिजिटल इंडिया की दिशा को और मजबूत करेगा।

### डिवाइस की कीमत 2000 रुपए

कंपनी ने इस डिवाइस की कीमत 2,000 रुपए से कम रखी है ताकि यह छोटे व्यापारियों और ग्रामीण इलाकों में भी अपनाया जा सके। बैटरी से चलने वाला यह डिवाइस बिजली न होने पर भी काम करता है और किसी भी आधार से जुड़े बैंक अकाउंट वाले व्यक्ति द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन के इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका पायलट टेस्ट पूरा हो चुका है और अब यूआईडीएआई तथा एनपीसीआई से मंजूरी मिलने के बाद इसे बैंकों और फिनटेक कंपनियों की मदद से बाजार में उतारा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 88.68 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार करते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रिजर्व बैंक के संभवतः हस्तक्षेप के कारण रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एच1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली और रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की खबरों ने रुपये में तेज गिरावट पर रोक लगा दी। इसके अलावा, निवेशक, वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंतित रहे।

### बाजार प्रतिस्पर्धा को लेकर एसबीआई एमएफ आश्वस्त

SBI MUTUAL FUND
A PARTNER FOR LIFE

**मुंबई।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने कहा कि वह निवेशकों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझती है और अपने उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निधाीरित करती है। विशेषीकृत निवेश कोष 'मैग्नम हाइब्रिड लॉन्ग शॉर्ट फंड' पेश किये जाने के मौके पर एसबीआई म्यूचुअल फंड के उप प्रबंध निदेशक और संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीपी सिंह ने यह बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जियो ब्लैकरॉक के प्रवेश से बाजार का विस्तार होगा और इसका लाभ एसबीआई म्यूचुअल फंड को भी मिलेगा। सिंह ने कंपनी के एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, वे (जियो) सफल होना चाहेंगे और हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

### कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर 'अंकुश'



**नई दिल्ली।** सरकार ने कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर अगले साल 31 मार्च तक अंकुश लगा दिया है। एक अधिसूचना में यह कहा गया है। इस कदम का उद्देश्य थाइलैंड से बिना जड़ाऊ आभूषणों के नाम पर चांदी के आयात पर अंकुश लगाना है। भारत का आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता है। थाइलैंड इस 10 सदस्यीय समूह का सदस्य है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक के लिए संशोधित किया गया है। इसके तहत तत्काल प्रभाव से मुक्त से अंकुश की श्रेणी में डाला गया है।' इस श्रेणी के अंतर्गत आने वाले सामान के लिए सरकार से लाइसेंस लेना आवश्यक है।

## ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाई

# टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत, बढ़ाई गई टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की डेडलाइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब करदाताओं को अपनी ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की नई समय सीमा 31 अक्टूबर 2025 तक कर दी गई है। पहले यह तारीख 30 सितंबर 2025 थी। इस निर्णय का उद्देश्य करदाताओं को रिपोर्ट तैयार करने और दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देना है, ताकि वे सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स और डिटेल सही तरीके से प्रस्तुत कर सकें।

**उद्देश्य रिपोर्ट तैयार करने और दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देना**

सीबीडीटी ने पहले करदाताओं को रिपोर्ट फाइल करने की समय सीमा निर्धारित की थी, लेकिन बढ़ते काम के दबाव और प्रशासनिक कारणों से इसे आगे बढ़ा दिया गया है। यह कदम उन व्यवसायों और पेशेवरों के लिए राहत देने वाला है जिन्हें ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने में समय की चुनौती का सामना करना पड़ रहा था।

### पहले ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर 2025 थी

### 30 रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी

देशभर के अलग-अलग हाईकोर्ट्स में अब तक 30 रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर बेंच ने सरकार और सीबीडीटी को 30 सितंबर की समय सीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर करने का निर्देश दिया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी सीबीडीटी को डेडलाइन 31 अक्टूबर तक बढ़ाने को कहा। इसी क्रम में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स ने भी सीबीडीटी से टैक्स ऑडिट रिपोर्ट की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाने की मांग की थी।




### विभाग ने एक्स पर दी जानकारी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन्कम टैक्स विभाग ने एक पोस्ट में जानकारी दी है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पिछले वर्ष 2024–25 (आकलन वर्ष 2025–26) के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की निर्धारित तिथि बढ़ा दी है। यह विस्तार उन करदाताओं पर लागू होगा जो आयकर अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) की व्याख्या 2 के खंड (ए) में उल्लिखित हैं।

### ई-फाइलिंग पोर्टल सुचारु रूप से काम कर रहा

सीबीडीटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पूरी तरह सुचारु रूप से काम कर रहा है और टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स बिना किसी तकनीकी समस्या के सफलतापूर्वक अपलोड की जा रही हैं। 24 सितंबर तक लगभग 4,02,000 टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स दाखिल की जा चुकी हैं। वहीं, 23 सितंबर 2025 तक 7.57 करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल किए जा चुके हैं।

### टैक्स ऑडिट डेडलाइन बढ़ाने की मांगें

सीबीडीटी को टैक्स ऑडिट की समय सीमा बढ़ाने के लिए कई पेशेवर संगठनों से रिक्वेस्ट मिले थे। इनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थाएं भी शामिल थीं। इन संगठनों ने करदाताओं और टैक्स प्रैक्टिशनरों द्वारा समय पर ऑडिट रिपोर्ट पूरी करने में आ रही कठिनाइयों को सामने रखा। अनुरोधों में बताया गया कि देश के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं ने सामान्य व्यवसाय और पेशेवर गतिविधियों को प्रभावित किया है। यही कारण है कि समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई। यह मामला कई उच्च न्यायालयों में भी उठाया गया।

# देश में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.97 प्रतिशत होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत की लॉजिस्टिक लागत वित्त वर्ष 2023-24 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 7.97 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

यह रिपोर्ट डीपीआईआईटी के लिए आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीईआर) द्वारा तैयार की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के अनुमानों से पता चलता है कि लॉजिस्टिक लागत में वृद्धि की गति धीरे-धीरे धीमी हो रही है।

■ डीपीआईआईटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के लिए निकाले गए अनुमान बताते हैं कि लॉजिस्टिक लागत की वृद्धि दर धीरे-धीरे कम हो रही है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, मालगाड़ियों के लिए अलग से बनाया गया गलियारा, सागरमाला परियोजना, एकीकृत जांच चौकियों और एकीकृत लॉजिस्टिक इंटरफेस मंच के विकास जैसी कई पहलों को दिया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, /"डीपीआईआईटी के लिए एनसीईआर द्वारा तैयार किए गए वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत कुल जीडीपी का लगभग 7.97 प्रतिशत अनुमानित है।/"वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह भारत में लॉजिस्टिक लागत के आकलन पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके साथ ही, अब देश के पास लॉजिस्टिक लागत का एक व्यापक और वैज्ञानिक रूप से प्राप्त अनुमान उपलब्ध है।

### वैश्विक इकाइयों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

इससे अनुमानों में विसंगति पैदा हुई, जिससे नीति निर्माताओं और संबंधित वैश्विक इकाइयों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हुई। यह रिपोर्ट विभिन्न परिवहन साधनों, उत्पाद श्रेणियों और कंपनी के आकारों में लॉजिस्टिक लागत को शामिल करके एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का

### विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी जारी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क से जुड़ी चिंताओं के कारण सेंसेक्स 556 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 166 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.95 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.74 अंक गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 166.05 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 अंक पर आ गया।

यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 1,854.28 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 532.75 अंक यानी दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में गिरावट का रुख रहा। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी दर्ज की गई।

### निवेशकों का विश्वास डगमगाया

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक एवं संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा, /"निफ्टी 25,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे फिसल गया जो इसमें गिरावट के रुख को दर्शाता है। कई वैश्विक एवं घरेलू चुनौतियों ने निवेशकों का विश्वास डगमगाया हुआ है।

### अनिश्चितता के बीच मुनाफावसूली

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारतीय बाजारों में लगातार पांचवें सत्र में गिरावट रही। निवेशकों ने एफआईआई की सतत निकासी और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच मुनाफावसूली की। इससे दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर पर असर पड़ सकता है।/"

# चांदी में 1000 रुपए का उछाल और सोना 630 रुपए फिसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। स्थानीय सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबार में यह 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 700 रुपये घटकर 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



### चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 21.40 डॉलर या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 3,757.54 डॉलर प्रति औंस हो गया। हाजिर चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 45.03 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह 14 साल के उच्चतम स्तर के करीब है।

# एचएसबीसी श्रीलंका में खुदरा कारोबार समेटेगी

**कोलंबो।** वित्तीय कंपनी एचएसबीसी अगले साल के मध्य तक श्रीलंका में अपने खुदरा बैंकिंग परिचालन को बंद कर देगी। यह श्रीलंका में सबसे पुराने विदेशी बैंकों में से एक है। एचएसबीसी अपना खुदरा बैंकिंग कारोबार श्रीलंका के नेशंस ट्रस्ट बैंक (एनटीबी) को 18 अरब श्रीलंकाई रुपये में बेच रही है।




एनटीबी ने कोलंबो शेयर बाजार को लिखे एक पत्र में कहा कि उसने ''24 सितंबर, 2025 को हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एचएसबीसी) के साथ एक पक्का बिक्री और खरीद समझौता किया है। जिसके तहत वह श्रीलंका में अपने खुदरा बैंकिंग कारोबार का अधिग्रहण 18 अरब श्रीलंकाई रुपये में करेगा।" समूह की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस सौदे में श्रीलंका में एचएसबीसी का पूरा खुदरा बैंकिंग कारोबार शामिल है।

### फैबटेक टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 29 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** फार्मा, बायोटेक और स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता फैबटेक टेक्नोलॉजीज ने अपने आगामी 230 करोड़ रुपये से अधिक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 181-191 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएस)/ दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से खुले निविदा के विरुद्ध ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-जीएसयू-25-26-7; कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में ओडिशा राज्य के अधिकार क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही के लिए हाथी मार्ग (9 स्थानों पर अंडरपास) का निर्माण; **निविदा मूल्य:** ₹1,43,11,82,097.07; **बयाना राशि:** ₹ 73,05,900.00; **निविदा फॉर्म की लागत:** ₹ 0.00; **खुलने की तिथि:** 24.10.2025। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड किए जाने चाहिए। **नोट:** सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा फॉर्म निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण - रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)।
(PR-667)

# श्रम मंत्रालय का रोजगार के अवसर बढ़ाने जेप्टो के साथ समझौता

### केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने समझौते पर किया हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर रोजगार के अवसरों के साथ-साथ युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए त्वरित आपूर्ति सेवा कंपनी जेप्टो के साथ एक शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। बयान के अनुसार, जेप्टो इस समझौते की अवधि में 10,000 नौकरियां उपलब्ध कराएगी।



### युवाओं के लिए अवसर के द्वार खोलेगी

इस प्रकार, एनसीएसअब न केवल नौकरी सूचनाओं का स्रोत है, बल्कि यह सभी रोजगार-संबंधी सेवाओं के लिए एक समग्र समाधान बन गया है।/" मंत्रालय और जेप्टो के बीच सहयोग पर मांडविया ने जोर देकर कहा कि यह साझेदारी युवाओं के लिए अवसर के नए द्वार खोलेगी, साथ ही जेप्टो को मानव संसाधन के उपयुक्त प्रतिभा पूल से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी।

**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN - L23201MH1959GOI011388

**इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड को पैनल डॉक्टर की आवश्यकता है**

चिकित्सा पेशेवरों से रिटेनरशिप के आधार पर अंशकालिक डॉक्टर-इन-अटेंडेंस के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक्सप्लोसिव एसएमएस प्लांट कुसमुंडा, विकास नगर, डाकघर कुसमुंडा, जिला-कोरबा, (छ.ग.) पिन-495054 स्थित हमारे कार्यालय में सप्ताह में 2 दिन प्रतिदिन 2 घंटे के लिए उपस्थित हो सकते हैं। न्यूनतम एमबीबीएस योग्यता और सामान्य चिकित्सक के रूप में 5 वर्षों का अनुभव रखने वाले डॉक्टर आवेदन करने के पात्र हैं। रिटेनर शुल्क 1460/- रुपये प्रति घंटा (एमडी/एमएस के लिए) और 1130/- रुपये प्रति घंटा (एमबीबीएस के लिए) या समय-समय पर संशोधित होगा। पारिश्रमिक का भुगतान वास्तविक उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन एक सीलबंद लिफाफे में, जिस पर **'पैनल डॉक्टर के लिए आवेदन'** लिखा हो, श्री आर.एस. मार्को, महाप्रबंधक (विपणन), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक्सप्लोसिव, प्लांट कुसमुंडा, विकास नगर, डाकघर कुसमुंडा, जिला-कोरबा, (छ.ग.) पिन-495054 को 06.10.2025 तक निम्नलिखित प्रारूप में भेज सकते हैं:-

1. नाम: 2. जन्म तिथि: 3. योग्यता: 4. अनुभव:
5. निवास और क्लिनिक का पता, टेलीफोन नंबर और ईमेल आईडी सहित:
हस्ताक्षर, दिनांक सहित

अधिक जानकारी के लिए, कृपया ईमेल आईडी RSMARKO@INDIANOIL.IN पर लिखें या लैंडलाइन नंबर 07815-272289/272043 या मोबाईल नंबर +91 9424141095 पर संपर्क करें

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

साईकोलि / मप्र / कुस(क्षेत्र) / भू.रा. / 2024 / 902 — दिनांक 12.09.2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत् किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) Concept के आधार पर 147 भू स्वामियों / आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी / आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार है :-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम / पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड़ में) | कुल रकबा (एकड़ में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों / नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी / उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुकरिता बाई पिता बहोरन | 701 | 438 / 1<br>450 | 0.65<br>0.15 | 0.80 | सुकरिता बाई पिता बहोरन संबंध-स्वयं | नामांकन पत्र | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों / दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | घटते क्रम की सूची के अनुसार क्र.सं. 108 | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | बी-1 वर्ष 2012-13 | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | पी-2 वर्ष 2008 से 2013 | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | सुकृता बाई पिता बहोरन | सुकृता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | सुकरीता बाई पिता बहोरन | सुकरीता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 8 वीं) | सुकरीता बाई पिता बहोरन | सुकरीता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | सुकरिता बाई पिता बहोरन | सुकरिता बाई पिता बहोरन | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | सुकृता बाई पिता बहोरन | सुकृता बाई पिता बहोरन | |

उक्त भूस्वामी / नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/172 — स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

# सैमसन की असफलता चिंता का सबब, भारत के पास जितेश को आजमाने का आखिरी मौका


एजेंसी ▸▸| दुबई

मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया, जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### टूर्नामेंट में छूटे दस कैच

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा,' इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाए जा सकते।' वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का बचाव किया क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है। चक्रवर्ती ने कहा,' वैसे 'रिंग आफ फायर' (फ्लडलाइट डिजाइन) से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है। हमें इसकी आदत डालनी होगी।'

### श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 का आखिरी मुकाबला आज




### टीम में क्या कर रहे हैं सैमसन

बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं। चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं लेकिन मध्यक्रम में बायां-दायां संयोजन रखने के लिए यह सही नहीं था। हार्दिक पंड्या को उनसे पहले बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया। फील्डिंग कोच रियान टेन डोइशे ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले कहा था,' संजू अभी देख रहा है कि पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कैसे करनी है।' ऐसी भी संभावना है कि सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ औपचारिकता के मैच में तीसरे नंबर पर उतारा जाए। समझा जाता है कि शीर्षक्रम के बल्लेबाज के तौर पर सैमसन के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें बाहर नहीं किया जा रहा लेकिन इस प्रारुप में हर खिलाड़ी की अपनी भूमिका है।



### फिनिशर भी है जितेश

जितेश शर्मा मध्यक्रम के बल्लेबाज होने के साथ फिनिशर भी हैं। जितेश ने आईपीएल में पांचवें नंबर पर 18 पारियों में 374 रन बनाए जबकि छठे नंबर पर 15 पारियों में 384 रन जोड़े। सातवें नंबर पर उन्होंने सात पारियों में 178 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ मैच में जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया जा सकता है अगर वह इसके इच्छुक हैं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**श्रीलंका** : चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## खबर संक्षेप



### हॉकी : आज से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज

**कैनबरा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जाएंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे।

### 23 नवंबर से राजस्थान में 'टूर डे थार' साइकिलिंग स्पर्धा



**नई दिल्ली।** राजस्थान 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा। खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा इस आयोजन में 300 किमी रिले, 200 किमी और 100 किमी की तीन अलग-अलग वर्गों में रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें 2500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस स्पर्धा को बीकानेर के नोरंगदेसर गांव से हरी झंडी दिखाई जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, 'यह रेस अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगी। यह आयोजन थार रेगिस्तान को साहस और दृढ़ता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।'

### महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया, जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरुआत की। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

## श्रृंखला 2 अक्टूबर से, जडेजा को उपकप्तान की कमान

# वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज में खेलेंगे बुमराह नायर को आराम, पडिक्कल की वापसी

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करुण नायर की जगह ली। भारतीय टीम के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने संकेत दिए कि नायर और बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अब टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा नहीं हैं। ऋषभ पंत की गैर मौजूदगी में रविंद्र जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उपकप्तान बनाया गया है जबकि 25 वर्ष के कर्नाटक के खब्बू बल्लेबाज पडिक्कल और 23 वर्ष के साई सुदर्शन को भविष्य की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।




### पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं

नियमित उपकप्तान ऋषभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था। अगरकर ने कहा,' उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला तक उपलब्ध हो जाएगा।' विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है।

### भारतीय टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव।

### बुमराह मिल चुका अच्छा आराम

बुमराह के बारे में अगरकर ने कहा कि उन्हें अच्छा आराम मिल चुका है और वह दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला खेलेंगे। अगरकर ने कहा,' बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं। यह टीम दोनों टेस्ट के लिए है और वह दोनों खेलेंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद अच्छा ब्रेक मिल चुका है और वह पांचवां टेस्ट नहीं खेले थे। एक महीने या पांच सप्ताह का ब्रेक हो चुका है।' नायर के बारे में उन्होंने कहा कि वह मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा सके हैं और इंग्लैंड दौरे पर आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया। उन्होंने कहा,' हमें लगता है कि इस समय पडिक्कल बेहतर विकल्प हैं। काश हम सभी को 15 या 20 टेस्ट दे पाते लेकिन ऐसा नहीं हो सकता।' अगरकर ने कहा ," पडिक्कल टेस्ट टीम में रहे हैं। हमने इंग्लैंड में करुण से बेहतर की उम्मीद की थी। पडिक्कल आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे और इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अर्धशतक लगाया था।'

### ईश्वरन को अंतिम एकादश में नहीं मिला मौका

पिछले तीन चार साल से टीम के साथ लगातार दौरा कर रहे ईश्वरन को अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला है और अब तो वह टीम से भी बाहर हैं। अगरकर ने कहा कि इस फैसले के पीछे बहुत कुछ पढने की जरूरत नहीं है। भारतीय टीम को हालांकि अगले एक साल विदेश दौरा नहीं करना है लिहाजा ईश्वरन का टेस्ट पदार्पण मुश्किल ही लग रहा है। तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में एन जगदीशन पर विचार हो सकता है। अगरकर ने कहा,' विदेश दौरे पर 16 या 17 खिलाड़ी जाते हैं और तीसरा सलामी बल्लेबाज भी उसमे होता है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन खराब नहीं था। ऐसे में हमे तीसरे सलामी बल्लेबाज की जरूरत नहीं है। जरूरत होगी तो उसे भेजा जा सकता है।"

# भारत-पाकिस्तान के बीच होगा एशिया कप का फाइनल



**दुबई।** एशिया कप 2025 के मैच नंबर-17 में 25 सितंबर (गुरुवार) को बांग्लादेश और पाकिस्तान की टक्कर हुई. दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए सुपर-चार के इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश पर 11 रनों से जीत हासिल की. इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

अब 28 सितंबर (रविवार) को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान का सामना भारत से होगा. एशिया कप के 41 सालों के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा. मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 136 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी टीम 20 ओवर्स में 9 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से शमीम हुसैन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए. वहीं सैफ हसन (18 रन), रिशाद हुसैन (नाबाद 16 रन) और नुरुल हसन (16 रन) ने भी क्रीज पर जमने की कोशिश की. पाकिस्तान की ओर से शाहीन आफरीदी और हारिस रऊफ ने तीन-तीन विकेट झटके. वहीं सैम अयूब ने दो विकेट चटकाए. मोहम्मद नवाज को भी एक विकेट मिला।

### पाकिस्तान ने बांग्लादेश के सामने रखा 136 रन का लक्ष्य

पाकिस्तान ने बांग्लादेश के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा है। करो या मरो मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 135 रन बनाए हैं। उनके लिए मोहम्मद हारिस ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। वहीं, बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने तीन विकेट झटके जबकि मेहदी हसन और रिशाद हुसैन ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने एक सफलता अपने नाम की।

### बांग्लादेश ने जीता टॉस, चुनी गेंदबाजी

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह एक बार फिर जाकिर अली टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को भारत के खिलाफ भी लिटन नहीं खेले थे। वह अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे।

## वुमेन आईपीएल

# लीसा नाइटली बनीं मुंबई इंडियंस की महिला कोच



एजेंसी ▸▸| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है, जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा,' हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है।' नाइटली ने कहा,' मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है। इस टीम ने डब्ल्यूपीएल में नए मानदंड कायम किए हैं। इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं।' नाइटली आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट, 82 वनडे और एक टी20 खेल चुकी है।

### भारत को करनी चाहिए दमदार प्रदर्शन की कोशिश : लैनिंग



**दुबई।** आस्ट्रेलिया की क्रिकेटर मेग लैनिंग का मानना है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ महिला विश्व कप के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन की पूरी कोशिश करनी चाहिए ताकि घरेलू हालात में खेलने का अपेक्षाओं का दबाव हटा सके और आगे की कठिन चुनौती के लिए भी तैयार हो पाए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप से ठीक पहले आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में हराया है। भारत के लिए हालांकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतक लगाए और दीप्ति शर्मा की अगुवाई में स्पिनरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8000 से अधिक रन बनने के बाद दो साल पहले विदा लेने वाली 31 वर्ष की लैनिंग ने कहा कि बड़े टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा,' श्रीलंका के खिलाफ मैच भारत के लिए अहम होगा क्योंकि इससे दबाव कम हो जाएगा।'

## चाइना ओपन...



**बीजिंग।** नेशनल टेनिस सेंटर में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल मैच में रूस के करेन खाचानोव को हराने के बाद फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए।

# बीबीएल में खेलने वाले पहले बड़े क्रिकेटर बने अश्विन

**सिडनी।** आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर से जुड़ गए और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बने। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे। अश्विन ने कहा, 'सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे। उनके साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही, और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डेव वार्नर का खेल बहुत पसंद है। मैं टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं।' सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने इसे बीबीएल के इतिहास में सबसे बड़ा करार बताया। कोपलैंड ने कहा, "मुझे लगता है कि यह बीबीएल के इतिहास में यकीनन सबसे बड़ा करार है, पहला भारतीय और खेल का आइकॉन। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी है।' अश्विन बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर होंगे। भारत में जन्में उन्मुक्त चंद और निखिल चौधरी विदेश में प्रवास के बाद बीबीएल में खेले थे।



## भड़काऊ इशारों को लेकर पर बीसीसीआई ने की रऊफ, साहिबजादा की शिकायत

# शिकायतें लेकर आईसीसी के द्वार पहुंचे, बीसीसीआई और पीसीबी

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है।आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिए आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है।

### सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक : पीसीबी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है, जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक थी। अभी तकनीकी तौर पर यह देखना होगा कि शिकायत कब दर्ज कराई गई है क्योंकि टिप्पणी के सात दिन के भीतर ही शिकायत की जा सकती थी।

### रऊफ ने किया था विमान गिरा देने का इशारा

भारत के खिलाफ 21 सितंबर के मैच के दौरान रऊफ ने भारतीय समर्थकों के 'कोहली कोहली' चिल्लाने के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक बनाते हुए विमान गिरा देने का इशारा किया था। कोहली ने विश्व कप 2022 के दौरान एमसीजी पर रऊफ की गेंद पर विजयी छक्का लगाया था। रऊफ ने मैच के दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को भी गालियां दी, जिसका जवाब दोनों युवा क्रिकेटरों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से दिया। इसी मैच के दौरान साहिबजादा ने बल्ले को मशीनगन की तरह इस्तेमाल करते हुए बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाया था, जिसकी काफी निंदा हुई।

### नकवी ने डाला आग में घी

उधर एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आग में घी डालते हुए एक्स पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का 'स्लो मोशन' वीडियो डाला है, जिसमें पुर्तगाल का यह फुटबॉलर विमान के क्रैश होने का इशारा कर रहा है जैसा रऊफ ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान किया था। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष होने के साथ अपने देश के गृहमंत्री भी हैं और भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानों के लिए जाने जाते हैं। रोनाल्डो उस वीडियो में शायद बता रहे थे कि उनकी सीधी ड्रैग फ्लिक गोल में कैसे गई। इस वीडियो के बाद देखना होगा कि एशिया कप फाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम क्या एसीसी अध्यक्ष के साथ मंच साझा करेगी। बीसीसीआई और आईसीसी दोनों की नजर में यह मामला है और देखना है कि नकवी के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

# MATS UNIVERSITY

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

**CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY STATE PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH A+ GRADE BY NAAC**

## Your Ambition, Your Schedule, Your Degree

**Empowering Lifelong Learners with Flexible, Accrediated Education**



**FOR WORKING PROFESSIONALS**

Advance your career without hitting pause. With our self-paced programs, get the degree that propels your promotion — all while managing your 9 to 5.



**FOR HOMEMAKERS**

It's never too late to learn. Gain your academic wings from the comfort of your home. Reignite your dreams on your schedule.



**FOR MULTI-TASKING STUDENTS**

Already juggling one course or exam prep? Our flexible online modules make it possible to add more skills without burnout.



**FOR CAREER GROWTH SEEKERS**

Learn today, lead tomorrow. Choose industry-relevant programs crafted to open doors in a competitive job market.

### OPEN AND DISTANCE LEARNING PROGRAMS

B.A. | B.Com. | BBA
BCA | M.A.English
M.Com. | B.Lib.I.Sc.
DCA | PGDCA

www.matsodl.com
Call Toll Free : 8152079999

### ONLINE PROGRAMS

MBA | MCA
BBA | BCA | B.Com.
DCA | PGDCA

www.matsuniversityonline.com
Call Toll Free : 8152029999

- UGC-DEB Recognized Degrees
- Career-Focused Curriculum
- 100% Flexible, Learn Anytime Anywhere
- Undergraduate, Postgraduate, Diplomas & Certifications
- Dedicated LMS & Expert Faculty
- Affordable Fees & EMI Options

**Apply Now - Admissions Open till October 15, 2025**

### REGULAR PROGRAMS

Management | Engineering | Law | Pharmacy | Science
Psychology | Information Technology | Commerce English
Hindi | Education | Physical Education
Fashion & Interior Design | Library Science | Social Work



FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel :** 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9109951184, 9755199381, 9109994500 **Web:** www.matsuniversity.ac.in


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com